# नगर निगम सदन की बैठक आज, हंगामे के आसार

## दो डॉग शेल्टर होम बनाने व शादी घर समेत दर्जन भर प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम की बुधवार को सदन की बैठक हंगामेदार हो सकती है। बैठक में सत्ता व विपक्ष के पार्षद शहर की समस्याओं को लेकर मुद्दा बनाएंगे लेकिन महापौर सुषमा खर्कवाल ने बैठक सुबह नौ बजे बुलाई है।

यह भी बताया जा रहा है कि सदन की बैठक एक बजे तक ही होनी है, ऐसे में वार्डों की समस्याएं पटल पर आना मुश्किल है। एक तरफ शहर में घर-घर कूड़ा कलेक्शन और सफाई व्यवस्था बेपटरी है लेकिन इस मुद्दे पर कोई बोलना नहीं चाहता है। सदन में दर्जन भर से अधिक प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। इसमें ज्यादातर प्रस्ताव संपित्त विभाग से जुड़े हैं।

आवारा कुत्तों के आतंक से आम जनता को निजात दिलाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर नगर निगम शहर में में दो डॉग शेल्टर होम बनाएगा। इसके लिए सदर तहसील के ग्राम जेहटा में और सरोजनीनगर तहसील के ग्राम नटकुर में भूमि चिन्हित की गई है। प्रत्येक शेल्टर होम में 1,000 कुत्तों की रखने की क्षमता होगी। लगभग 15464 वर्गमीटर क्षेत्रफल में ये शेल्टर होम बनेंगे।




नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी ने इसका प्रस्ताव दिया है, जिसे सदन की बैठक में रखा जाएगा। बैठक में नई प्रचार नियमावली लागू करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। अवैध होडिंग्गों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए शासन ने उत्तर प्रदेश (नगर निगम, आकाश चिह्न और विज्ञापनों का विनियमन) नियमावली 2026 बनाई है। इसका गजट नोटिफिकेशन फरवरी में हो चुका है, जिसे अब निगम में लागू किया जाएगा। सदन से प्रस्ताव पास होने के बाद नियमावली लागू कर दी जाएगी। इसके बाद वही होर्डिंग लगवा सकेंगे, जिनके पास प्रचार लाइसेंस होगा। नामांतरण की नई दरों के लागू करने से पहले सदन से हरी झंडी मिलेगी। इसके बाद गजट नोटिफिकेशन के जरिए इसे लागू किया जाएगा।

### ये प्रस्ताव भी रखे जायेंगे

सीएसआर फंड से बनाए जाने वाले वृद्धाश्रम और महिला छात्रावास के लिए जमीन उपलब्ध कराने, श्रमिकों की सहूलियत के लिए लेबर अड्डों का निर्माण किए जाने, यातायात विभाग को जोनवार गाड़ियां खड़ी कराने के लिए शहरी सीमा में आठ स्थानों पर होल्डिंग एरिया बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने, शहीद पथ के किनारे अहिमामऊ में कल्याण मंडप बनाने, सरोजनी नगर में सीएमओ कार्यालय बनाने के लिए जमीन देने, हरिहरपुर में ग्राम समाज की भूमि पर छठ घाट का निर्माण करने, नगर निगम के पैनल में शामिल अधिवक्ताओं की फीस बढ़ाने का प्रस्ताव शामिल है।

**शूटिंग रेंज के पास विकसित होगी आवासीय योजना :**

- राजधानी के सरोजनीनगर इलाके में अमौसी के हड़ाइन खेड़ा स्थित नगर निगम की शूटिंग रेंज के पास 50 एकड़ से अधिक खाली जमीन पर एक नई टाउनशिप बसाई जाएगी। इसके लिए नगर निगम सदन में प्रस्ताव को लाया जा रहा है। इसके तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को यह टाउनशिप विकसित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। बदले में एलडीए नगर निगम की बदहाल शूटिंग रेंज को आधुनिक स्वरूप देने पर आने वाला पूरा खर्च उठाएगा।
- नगर निगम ने करीब 19 साल पहले हड़ाइन खेड़ा में लगभग 37 एकड़ में शूटिंग रेंज का निर्माण कराया था। बाद में इसमें और जमीन जुड़ने से इसका क्षेत्रफल बढ़कर करीब 41.60 एकड़ हो गया। हालांकि बजट की कमी के चलते लंबे समय से रखरखाव और विकास कार्य ठप पड़ा रहा। इससे यह अहम खेल परिसर धीरे-धीरे जर्जर स्थिति में पहुंच गया। प्राइम लोकेशन पर होने के बावजूद यह सुविधा अपने उद्देश्य के अनुरूप इस्तेमाल नहीं हो पा रही थी।
- अब प्रस्तावित प्रोजेक्ट के तहत शूटिंग रेंज को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। प्रस्ताव में तय किया गया है कि यहां शूटिंग के साथ-साथ अन्य खेल गतिविधियों का भी आयोजन हो सकेगा। रोजाना कम से कम एक हजार खिलाड़ी और आम लोग यहां पहुंचें, इसके लिए क्लब, मैरिज हॉल और गेस्ट हाउस जैसी सुविधाएं विकसित करने की योजना है।
- इन सभी कार्यों पर करीब 200 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। करीब दो वर्ष पहले शासन शूटिंग रेंज को इंटरनेशनल लेवल का बनाने की मंजूरी दे चुका था। नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की विशेषज्ञ टीम भी सर्वे के बाद अनापत्ति दे चुकी है लेकिन बजट के इंतजार में काम अटका रहा।
- प्रस्ताव के अनुसार अब शासन स्तर पर तय हुआ है कि यह पूरा प्रोजेक्ट एलडीए को सौंप दिया जाए। एलडीए शूटिंग रेंज के पुनर्विकास का खर्च वहन करेगा और बदले में पास की खाली जमीन को नई टाउनशिप के लिए नीलामी के जरिए मिलने वाली रकम से शूटिंग रेंज विकसित होगी।

# पछुआ हवाओं से बढ़ी गर्मी, पांच जिलों में पारा 40 डिग्री पार





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में चल रही गर्म पछुआ हवाओं के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पांच जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। बुंदेलखंड सहित दक्षिणी जिलों में दोपहर के समय तेज गर्मी और तपिश से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-पांच दिनों तक तापमान में लगातार बढ़ोतरी की संभावना है और कई जिलों में पारा सामान्य से अधिक रह सकता है।

मंगलवार को बांदा प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा झांसी में 40.5 डिग्री, प्रयागराज में 40.4 डिग्री, वाराणसी में 40.1 डिग्री तथा सुल्तानपुर में 40 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। बांदा में न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो प्रदेश में सर्वाधिक दर्ज हुआ।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कर्नाटक और महाराष्ट्र में बने प्रति-चक्रवात के मध्य भारत की ओर खिसकने से प्रदेश में अगले एक सप्ताह के दौरान तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। तराई क्षेत्रों को छोड़कर अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना जताई गई है।

# एकेटीयू में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की मनायी गयी जयंती



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान कुलपति महोदय ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर उन्होंने बाबा साहब को याद करते हुए देश के लिए दिये उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने जिस तरह विपरीत परिस्थितियों में आगे बढ़ते हुए अपना योगदान दिया। वह युवाओं के लिए किसी दर्शन से कम नहीं है। इस मौके पर एसोसिएट डीन इनोवेशन डा. अनुज कुमार शर्मा सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह, स्टाफ ऑफिसर अमित मलिक, व्यवस्था अधिकारी प्रवीण कुमार, सहायक पुस्तकालयध्यक्ष रामकुमार पाठक, इन्नोवेशन हब के सीईओ महीप सिंह, प्रिया आर्या, राजीव मिश्रा सहित अन्य शिक्षण अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लारी में लेजर तकनीक से दिल के पांच मरीजों को मिला कारगर इलाज

## इस तकनीक से कम दर्द और जल्दी रिकवरी का फायदा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग ने लेजर तकनीक से इलाज को रफ्तार दी है। एक माह के दौरान दिल के पांच मरीजों को लेजर तकनीक से इलाज मुहैया कराया गया। सेहत में सुधा र के बाद मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

लारी प्रदेश का पहला सरकारी संस्थान है जिसमें लेजर तकनीक से दिल का इलाज शुरू किया गया है। पांच करोड़ रुपये की लागत से लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग में करीब ढाई माह पहले लेजर मशीन मंगाई गई थी। पहला कानपुर और दूसरा प्रयागराज के मरीज का लेजर तकनीक से इलाज हुआ। बीते एक सप्ताह के भीतर तीन और मरीजों का लेजर तकनीक से इलाज किया गया। कम दर्द और जल्दी रिकवरी का फायदा मिल रहा है। जोखिम भी कम हुआ है। यह तकनीक भविष्य में दिल की बीमारियों के इलाज में बड़ा बदलाव ला सकती है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके



सिंह ने बताया कि कॉर्डियो लॉजी विभाग आधुनिक मशीनों से लैस किया जा रहा है। दिल की बीमारी से पीड़ित पांच मरीजों को नया जीवन मिल चुका है।

निजी में आठ लाख में एंजियोप्लास्टी डॉ. ऋषि ने बताया कि प्राइवेट संस्थान में लेजर से एंजियोप्लास्टी के एवज में करीब सात से आठ लाख रुपये का खर्च आ रहा है। लारी में यह खर्च घटकर करीब दो से ढाई लाख है।

अभी कुछ मरीजों का संस्थान में बेहद किफायती दर पर एंजियोप्लास्टी की जा रही है। ये है लेजर तकनीक दिल को खून पहुंचाने वाली नसों में कैलशियम और कोलेस्ट्रॉल आदि जमा हो जाता है। इसकी वजह से खून की आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिसकी वजह से मरीज को हार्ट अटैक समेत दूसरी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेजर तकनीक में विशेष प्रकार की प्रकाश किरणों का उपयोग किया जाता है। जिससे बंद धमनियों में जमा कैल्शियम, वसा को धीरे-धीरे हटाया जलाया जाता है।

**केजीएमयू में बाहर की दवा व लेंस लिखने वाले पर कसेगा शिकंजा :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के नेत्र रोग विभाग में मरीज को बाहर की लेंस व 18 प्रकार की दवा लिखने की जांच शुरू हो गई है। चार सदस्यीय कमेटी ने आरोपों के आधार पर सुबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं। शुरुआत जांच में दवा और लेंस को लेकर बड़ी कमीशनबाजी के सुराग मिले हैं। हालांकि अभी कमेटी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची लेकिन इस धंधे में डाक्टर से लेकर स्टाफ तक की मिलीभगत की आशंका कमेटी के सदस्यों ने जाहिर की है। काकोरी स्थित जेहटा के बरावन कला निवासी गीता कश्यप को आंखों में परेशानी हुई। परिजन पहले उन्हें लेकर बलरामपुर अस्पताल गए थे। केजीएमयू प्रशासन की ओर से गठित कमेटी ने जांच शुरू कर दी है। कमेटी ने पीड़ित व उसके पारिवीजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। साथ ही नेत्र रोग विभाग के डॉक्टर व कर्मचारियों के भी बयान दर्ज किए जा रहे हैं। करीब चार कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए हैं। तीमारदारों को 18 प्रकार की दवाओं की पर्ची थमाने वाले की भी पहचान की जा चुकी है। अब पर्ची पर दवा लिखने वाले की तलाश की जा रही है। कमेटी के सदस्यों का कहना है कि 50 प्रतिशत जांच पूरी हो चुकी है। बाकी जांच भी अगले सप्ताह तक पूरी कर ली जाएगी। दवा और लेंस की कमीशनखोरी के आरोप काफी हद तक सही मिले हैं। लिहाजा इस रैकेट में शामिल डॉक्टर-कर्मचा मर रियों पर शिकंजा कस सकता है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह का कहना है कि कमेटी सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रहा है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पावर हाउस की लापरवाही से सैकड़ों घर अंधेरे में

**लखनऊ।** नादरगंज पावर हाउस क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। एयरपोर्ट के पास स्थित चिल्लावां गांव के ठुकरी मोहल्ले में नई बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बावजूद लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, आंधी या हल्की बारिश होते ही इस नई लाइन की सप्लाई घंटों के लिए काट दी जाती है ।हैरानी की बात यह है कि बाकी गांवों में बिजली जल्दी बहाल हो जाती है, लेकिन ठुकरी मोहल्ले की लाइन में बिजली घंटों तक नहीं आती। जब ग्रामीण इस समस्या की शिकायत के लिए पावर हाउस के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करते हैं, तो फोन तक नहीं उठाया जाता ।इस लापरवाही के कारण सैकड़ों परिवार रोजाना बिजली संकट से जूझ रहे हैं ।ग्रामीणों ने उठाए सवाल हैं। जिसमे आखिर इस लाइन में बार-बार खराबी क्यों आती है ?आंधी के बाद बिजली बहाल करने में इतनी देरी क्यों होती है ? शिकायत करने पर कोई सुनवाई क्यों नहीं होती ?लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते उन्हें रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है और अब वे इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

# टीबी मरीजों को नहीं मिल रहा पोषण भत्ता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं में पिछले करीब आठ माह से बजट जारी न होने के कारण मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बजट के अभाव में कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। टीबी मरीजों को मिलने वाला पोषण भत्ता लंबे समय से लंबित है। जिससे कमजोर वर्ग के मरीजों की स्थिति और कठिन हो गई है। उन्हें हर माह एक हजार रुपये पोषण भत्ते के रूप में देना का प्राविधान है। गर्भवती महिलाओं के लिए मुफ्त अल्ट्रासाउंड सुविधा के लिए जारी किए जाने वाले ई-वाउचर भी ठप पड़े हैं, जिससे उन्हें निजी खर्च उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिले की छह सीएचसी अलीगंज, आलमबाग चंदरनगर, कैसरबाग रेडक्रॉस, सिल्वर जुबली ऐशबाग, नगराम, टुड़ियागंज में अल्ट्रासाउंड मशीनें खराब हैं। ऐसे में ई-वाउचर भी जारी न होने से यहांआने वाली गर्भवतियों को जांच के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ रहा। सीएमओ डा. एनबी सिंह के अनुसार जल्द ही समस्याएं दूर हो जाएंगी।

# पीजीआई में हृदय प्रत्यारोपण के बाद महिला की तबीयत स्थिर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पीजीआई में हृदय प्रत्यारोपण के बाद महिला की तबीयत स्थिर है। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन समेत विशेषशे ज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार महिला पर नजर रख रही है। मंगलवार की सुबह हृदय प्रत्यारोपण करने वाले सीवीटीएस के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके अग्रवाल और डॉ.शान्तनु पाण्डेय समेत अन्य डॉक्टरों ने आईसीयू वार्ड में पहुंचकर महिला को देखा।

महिला का रविवार को हृदय प्रत्यारोपण हुआ था। विशेषशे डॉक्टर आईसीयू वार्ड में मौजूद डॉक्टरों से महिला की सेहत की जानकारी ले रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि प्रत्यारोपण प्रोटोकॉल के तहत महिला को करीब एक हफ्ते के बाद छुट्टी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि संजय गांधी पीजीआई ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान में प्रदेश का पहला हृदय प्रत्यारोपण किया गया। दिल्ली के डोनर का दिल सीतापुर निवासी को प्रत्यारोपित किया गया। एयर एंबुलेंस से लखनऊ लाया गया दिल ग्रीन कॉरिडोर बनाकर संस्थान तक पहुंचाया गया था। दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में दिल दान में मिलने की सूचना शनिवार को मिली थी। इसके बाद देखा गया कि किस मरीज में इसे प्रत्यारोपित किया जा सकता है। डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी नामक हृदय की मांसपेशियों की बीमारी से पीड़ित सीतापुर निवासी मरीज इसके लिए उपयुक्त पाया गया। फिर प्राइवेट एयर एंबुलेंस से दिल लखनऊ लाया गया। एयरपोर्ट से संस्थान की दूरी ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तय की गई। करीब पांच घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद प्रत्यारोपण पूरा हुआ।

# शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो

## बीबीएयू में अम्बेडकर जयंती के साथ विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में मंगलवार को चार दिवसीय अम्बेडकर जयंती तथा विश्वविद्यालय स्थापना दिवस सम्पन्न हो गया।

समापन सत्र के दौरान उद्यमिता से समावेशी विकासः बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दृष्टि में' विषय पर संगोष्ठी में मुख्य अतिथि महिला कल्याण बाल विकास एवं पोषण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि ज्ञान ही ज्ञान को बढ़ावा देता है और आज समाज को आवश्यकता है कि वह ज्ञान के माध्यम से परिवर्तन लाने का प्रयास करे। उन्होंने इस बात पर चिंतन करने का आह्वान किया कि



हम किस प्रकार बाबासाहेब के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब तक हर वर्ग सशक्त नहीं होगा, तब तक वास्तविक सामाजिक परिवर्तन संभव नहीं है।

अंत में उन्होंने बाबासाहेब के संदेश को दोहराते हुए कहा कि हमें शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो के सिद्धांत को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि बाबासाहेब के जीवन से हमें यह सीखने की आवश्यकता है कि कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि इसके जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि हमें बाबासाहेब के जीवन से मार्गदर्शन लेने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। अंत में प्रो. केएल महावर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एम्बुलेंस सेवा प्रदाता के प्रेसिडेंट को धमकी

**लखनऊ।** एम्बुलेंस सेवा 108-102 की सेवा प्रदाता कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज उत्तर प्रदेश के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी को पांच अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल कर धमकी दी गई। कंपनी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर ने एक ट्रैवेल्स एजेंसी पर धमकी देने की आशंका जताते हुए आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि कंपनी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर राज कमल राय ने शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि कंपनी के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी को कुछ दिनों में पांच अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर धमकी दी गई। धमकी के बाद से वह मानसिक तनाव में हैं। इस कारण कार्य संचालन में भी दिक्कतें हो रही हैं। कंपनी प्रदेश में इमरजेंसी एबुलेंस सेवा 108-102 की सेवा प्रदाता है।

# विवेकानन्द के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने पर जोर

**लखनऊ।** मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव श्रीश सिंह ने विवेकानन्द पालीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथनन्द जी महाराज से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी की एक अत्यंत आकर्षक एवं प्रेरणादायी पेंटिंग स्वामी जी को भेंट स्वरूप प्रदान की। यह सुंदर पेंटिंग प्रदेश के युवा कलाकार धीरेन्द्र प्रताप द्वारा बनाई गई है, जिसमें स्वामी विवेकानन्द के तेजस्वी व्यक्तित्व और उनके ओजस्वी विचारों को सजीव रूप में दशार्या गया है। स्वामी मुक्तिनाथनन्द जी महाराज ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन, उनके आदर्शों और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# दो दिवसीय यूपी पोल्ट्री कॉन्क्लेव लखनऊ में आज से

**लखनऊ।** प्रदेश में पोल्ट्री उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 15 एवं 16 अप्रैल को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय उत्तर प्रदेश पोल्ट्री कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को इसका उद्घाटन केन्द्रीय पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल करेंगे। मंगलवार को कॉन्क्लेव के आयोजन की जानकारी देते हुए पशुपालन निदेशक (प्रशासन एवं विकास) डॉ. मेमपाल सिंह ने बताया कि कॉन्क्लेव के पहले दिन 15 अप्रैल को बाजार लिंकेज, बैकयार्ड पोल्ट्री, नीति समर्थन, निवेश के अवसर और ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विचार साझा किए जाएंगे। दूसरे दिन 16 अप्रैल को इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के पोल्ट्री क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विशेष चर्चा होगी। साथ ही सस्टेनेबल फार्मिंग, पोल्ट्री कचरे के उपयोग एवं एंटीबायोटिक-मुक्त उत्पादों के उभरते रुझानों पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे।

# उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने पर लगे रोक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर को लेकर व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन जारी है। विशेष रूप से महिलाएं बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर अपनी नाराजगी जाहिर कर रही हैं।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि इस नई व्यवस्था से उन्हें आर्थिक और तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस बीच, बिजली कंपनियों पर भारत सरकार द्वारा पारित उपभोक्ता हितैषी प्रावधानों और नियमों का लगातार उल्लंघन करने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना पर्याप्त जागरूकता और बिना उनकी सहमति के स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं, जो उपभोक्ता अधिकारों का हनन है। इसी संदर्भ में, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के चेयरमैन एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने नियामक आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग उठाई।

- **स्मार्ट प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता पर तत्काल रोक लगाई जाए।**
- **उपभोक्ताओं की सहमति और जागरूकता सुनिश्चित की जाए।**
- **बिजली कंपनियों द्वारा किए जा रहे नियमों के उल्लंघन की जांच हो।**
- **उपभोक्ताओं को पारदर्शी और न्यायसंगत बिलिंग व्यवस्था प्रदान की जाए।**

उन्होंने उपभोक्ता परिषद द्वारा दाखिल लोकमहत्व प्रस्ताव पर शीघ्र सुनवाई और प्रभावी कार्रवाई करने का आग्रह किया।

साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि उपभोक्ता परिषद 15 अप्रैल को पुनः नियामक आयोग पहुंचकर इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विस्तृत पक्ष रखेगा और उपभोक्ताओं के हित में ठोस निर्णय की मांग करेगा। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी की जा रही है, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

# स्लीपर कोच में जनरल यात्रियों का कब्जा

**लखनऊ।** न कोई त्योहार न वैवाहिक सीजन, फिर भी ट्रेनों में यात्रियों की बेतहाशा भीड़ उमड़ रही है। अनराक्षित बोगियों के फुल होने पर जनरल टिकट के यात्री स्लीपर क्लास का रुख कर रहे हैं। इन बोगियों में जांच न होने से रिजर्वेशन करा कर जाने वाले यात्री भीड़ से परेशान हो रहे हैं। भीड़ नियंत्रित करने के लिए वह रेलवे के एक्स पर शिकायतें कर रहे हैं। बावजूद इसके जांच के लिए न तो टीटीई और आरपीएफ की टीम पहुंच रही है ।बरौनी-नई दिल्ली एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में सफर कर रहे अतुल कुमार ने रेलवे के एक्स पर ट्रेन के छह से सात घंटा की देरी से चलने की शिकायत की है। नाराजगी जताई है कि इसे हर स्टेशन पर रोक दिया जा रहा है। एक तो देरी ऊपर से बोगी में बेतहाशा भीड़, यात्रा कष्टकारी हो रही। बढ़नी एक्सप्रेस के यात्री अक्षय कुमार गुप्ता ने देरी और भीड़ पर रोष जताया है। नई दिल्ली-रक्सौल एक्सप्रेस के यात्री आलोक सोनी ने एस-3 बोगी में भीड़ को लेकर कहा कि रिजर्वेशन कराने वाले ठीक से सीट पर बैठ भी नहीं पा रहे हैं। फरक्का एक्सप्रेस के यात्री ने रेलवे के एक्स पर कहा कि बोगी में यात्री भरे पड़े हैं, सीट पर बैठने नहीं दे रहे हैं। लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस के सौरभ कुमार ने एस-6 कोच में भीड़ पर रेलवे से बिना टिकट यात्रियों की भीड़ बताते हुए निजात दिलाने का अनुरोध किया है।

# डा. अम्बेडकर के विचारों को व्यवहार में उतारना अत्यंत आवश्यक

## भाषा विवि में अम्बेडकर जयंती पर हुआ राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में डा. अम्बेडकर के सामाजिक-आर्थिक विचारों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन अटल सभागार में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ डा. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. मसूद आलम ने कहा कि समावेशी विकास और सामाजिक समरसता सुनिश्चित करने के लिए डा. अम्बेडकर के विचारों को व्यवहार में उतारना अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव विकास ने अपने संबोधन में बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य डॉ. अम्बेडकर के विचारों को समकालीन सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के संदर्भ में समझना तथा उनकी प्रासंगिकता पर गंभीर विचार-विमर्श करना है। मुख्य अतिथि प्रो. अनामिका सिंह, अर्थशास्त्र विभाग, डॉ शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक न्याय, शिक्षा, श्रम अधिकार और आर्थिक नीतियों से जुड़े विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा युवाओं को उनके सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# शकुन्तला विवि में याद किये गये डा. भीमराव अंबेडकर

**लखनऊ।** जब भी समावेशी समाज चर्चा होती है तो उसमें बाबा साहेब के समान अवसर और अवसर की समानता की बात होती है। समान अवसर और अवसर की समानता की दृष्टि इस विश्वविद्यालय की स्थापना में ही निहित है। पीछे के व्यक्ति को अच्छा वातावरण और पढ़ाई का माहौल मिले तो वह बहुत आगे बढ़ सकता है, यह बातें संविधान निमार्ता बाबा



साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहीं। एनएसएस विश्वविद्यालय इकाई एवं विवि स्थाई आयोजन समिति की ओर से स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं है। कठिन कार्य योजक, शिक्षक का है कि वह कैसे आगे बढ़ा सकता है, यही कार्य बाबा साहेब के गुरु ने किया, जिनके नाम पर उनका नाम अंबेडकर पड़ा। इस मौके पर स्थाई आयोजन समिति के चेयरमैन प्रो पी राजीवनयन, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय, अपर कुलानुशासक प्रो. पुष्पेंद्र मिश्रा, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. बृजेश राय, डा. कौशल शर्मा, डा. विजय शंकर शर्मा, डा. डीसी शर्मा, डा. पुष्पेंद्र सिंह, डा. सुधा राव, डा. ज्योति गौतम, नीलम सिंह, डा. चेत नारायण पटेल समेत भारी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# आंबेडकर जयंती पर माल्यार्पण को लेकर दो पक्ष भिड़े

## विवाद में सात गिरफ्तार, पथराव व फायरिंग, लापरवाही पर दारोगा निलम्बित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा में आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में माल्यार्पण के दौरान नगर पंचायत चेयरमैन के बेटे द्वारा तय क्रम से पहले प्रतिमा पर माला चढ़ाने को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट, पथराव और हवाई फायरिंग हुई। घटना में कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को काबू में किया। साथ ही उस कार्यक्रम में जिस दारोगा की ड्यूटी लगी थी, उसे निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। सहायक पुलिस आयुक्त बंथरा ने बताया सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें करन गौतम, अमन कुमार गौतम, विपिन कुमार, पवन गौतम, आकाश रावत, अरविंद व राज को गिरफ्तार किया गया है।

बताते हैं कि कार्यक्रम में पहले प्रार्थना के बाद माल्यार्पण होना तय था। इसी बीच बंथरा नगर पंचायत की चेयरमैन रामावती रावत के बेटे रंजीत रावत अपने समर्थकों के साथ चार लग्जरी



गाड़ियों से मौके पर पहुंचे। आरोप है कि गेट बंद होने पर उन्होंने जबरन अंदर प्रवेश किया और आयोजकों के मना करने के बावजूद सीधे प्रतिमा पर माला चढ़ा दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यक्रम उनके तरीके से ही होगा, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। ग्रामीणों की ओर से ईंट-पत्थर चलाए गए, जबकि दूसरे पक्ष के लोगों ने भी जवाबी पथराव किया।

आरोप है कि खुद को घिरता देख चेयरमैन पक्ष के किसी व्यक्ति ने हवाई फायरिंग कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में एक पक्ष के करन गौतम और विशाल गौतम घायल हो गए, वहीं दूसरे पक्ष के सरवन कुमार के सिर में चोट आई है। सभी घायलों को सीएचसी सरोजनीनगर भेजा गया है। घटना के कई वीडियो भी सामने आए हैं। घटना के बाद दोनों पक्ष बंथरा थाने पहुंचे, जहां भी तनाव बढ़ गया।

आरोप है कि चेयरमैन पक्ष के समर्थकों ने थाने परिसर में ही दूसरे पक्ष के लोगों को मारने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्काल करन और विशाल को सुरक्षित कमरे में बंद कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एडीसीपी दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार और एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को थाने में बैठाकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कह रही है।

**ड्यूटी पर समय से नहीं पहुंचे दारोगा, निलम्बित :** पुलिस जांच में सामने आया कि कार्यक्रम में दारोगा विपिन कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी। उनको कार्यक्रम शुरू होने से पहले पहुंचना था, लेकिन वह तय समय पर पहुंचे ही नहीं। उच्चाधिकारियों ने पूछा तो वह सही जवाब तक नहीं दे सके। इसपर एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने रिपोर्ट बनाकर ऊपर भेज दी, जिसके बाद विपिन कुमार को निलंबित कर दिया।

# पति से कहासुनी के बाद महिला ने लगायी फांसी

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के सहिमाबाद गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक महिला ने पति से कहासुनी के बाद आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहिमाबाद निवासी 35 वर्षीय रेशमा का मंगलवार शाम करीब 4 बजे अपने पति अरविंद कुमार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद अरविंद घर से बाहर चले गए। इसी दौरान नाराज रेशमा ने कमरे में जाकर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय दोनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। कुछ देर बाद जब परिजनों को जानकारी हुई तो घर में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत महिला को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

**पत्नी से विवाद में अधेड़ ने जहर खाकर दी जान :** दुबग्गा में पत्नी से विवाद के बाद कैटरिंग का काम करने वाले लालाराम (50) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए घरवालों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, दुबग्गा स्थित बरावन कला तुलसी खेड़ा के रहने वाले लालाराम कैटरिंग का काम करते थे। बेटे विनय ने बताया कि उनके पिता नशे के लती थे। रविवार शाम उनके पिता नशे की हालत में घर लौटे तो पत्नी रामदेवी व छोटी बहन मौजूद थी। वही दोनों बेटे काम से गए हुए थे। नशे की हालत में उनकी पत्नी से कहा-सुनी हो गई।

**फर्नीचर कारोबारी के बेटे ने फंदा लगाकर की आत्महत्या :** सैरपुर में फर्नीचर कारोबारी के बेटे ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छानबीन के दौरान पुलिस को मृतक के कान में ईयरफोन व कमरे में रखा मिला। आशंका जतायी जा रही है कि युवक ने आत्महत्या करते वक्त वह किसी से बातचीत कर रहा था। पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। छठे मिल सीतापुर रोड निवासी नासिर अली फर्नीचर के ठेकेदार है। परिवार में पत्नी हजरा अंसारी, बेटा फिरदौस और दो बेटियां है। फिरदौस ने बताया कि छोटा भाई आबिद अली(22) सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता था। सोमवार को माता-पिता बलरामपुर रिश्तेदारी में गए थे। घर पर सिर्फ फिरदौस, उसकी पत्नी नाहिदा, छोटा भाई आबिद और दोनों बहने फातिमा व मरियम थी। रात में परिवार के सभी लोगों ने खाना खाकर सोने चले गए। रात करीब दो बजे पत्नी नाहिदा और छोटी बहन फातिमा उठी तो आबिद कमरे में नहीं था। उन्होंने फिरदौस को जगाया तो वह स्टोर रूम में गया। दरवाजा अंदर से बंद देख सभी ने आबिद को आवाज दी लेकिन जवावब नहीं मिला। फिरदौस छत पर गया तो उसने जाल से देखा कि आबिद फंदे से लटक रहा था। पड़ोसियों दरवाजे को तोड़कर दुपट्टा खोलकर शव को नीचे उतारा।

# पार्टनरशिप का झांसा देकर जालसाजों ने ठगे 13 करोड़

**लखनऊ।** दवा कंपनी व कारोबार में पार्टनरशिप का झांसा देकर जालसाजों ने 13 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों ने पीड़ित के पिता को भी चेयरमैन का पद देने का आश्वासन दिया। लाइसेंस ट्रांसफर समेत तमाम मदों के नाम पर रुपये लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो धमकाया। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के आदेश पर गोमतीनगर पुलिस ने दंपति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विनीतखंड-6 निवासी कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले मारुत सुत तिवारी और उनकी पत्नी आनन्दिता तिवारी खुद को एपेक्स इंडिया कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक बताया। वहीं, विभूतिखंड निवासी विजय कोहली और उनकी पत्नी रश्मि वेलनेस नैप्यून प्राइवेट लिमिटेड एवं वीरा लाइफ साइंसेज प्राइवेट कंपनी का निदेशक हैं। पीड़ित ने बताया कि मारुत सुत व आनन्दिता ने दवाओं के कारोबार में 50 प्रतिशत पार्टनर बनाने का लालच दिया। लाइसेंस ट्रांसफर और डिस्ट्रीब्यूशनशिप दिलाने के नाम पर वर्ष 2022 से 2024 के बीच उनसे और उनके परिजन से 13 करोड़ से अधिक रुपये लिए।

आरोप है कि रकम के एवज में आरोपियों ने कई चेक दिए और एक एग्रीमेंट भी कराया। जिसमें फर्जी तरीके से 40 लाख आरटीजीएस से देने की बात दर्ज की गई। जबकि पीड़ित के खाते में कोई पैसा नहीं आया। पीड़ित ने बताया कि उनके रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी पिता राजेंद्र प्रताप सिंह को भी कंपनी में चेयरमैन बनाने का झांसा देकर करीब 2.58 करोड़ रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। इसके अलावा एफडी तुड़वाकर और अन्य माध्यमों से भी लाखों रुपये लिए गए, जिन्हें वापस नहीं किया गया। 25 अक्टूबर 2025 को लिखित समझौते में आरोपियों ने 30 नवंबर 2025 तक पूरी रकम लौटाने का वादा किया, लेकिन एक रुपया वापस नहीं किया गया। आरोप है कि 16 नवंबर 2025 को आरोपियों ने साथियों के साथ गाड़ी रोककर धमकाया। गोमतीनगर पुलिस ने मारुत सुत तिवारी, आनन्दिता तिवारी, विजय कोहली, रश्मि कोहली और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत, कई घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हरदोई-लखनऊ राजमार्ग पर ग्राम भतोइया के पास तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने भिड़न्त में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक मासूम बच्चा भी शामिल है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक सवार संडीला की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार उछलकर खंती में जा गिरे, जबकि कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर रुक गई। हादसे में बाइक सवार मनकोटी निवासी 20 वर्षीय तालिब, उसकी भाभी जुल्फी और उनका 2 वर्षीय बेटा जुहेब गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार चालक संडीला के काजीपुर निवासी रोहित भी बुरी तरह घायल हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान महिला जुल्फी की मौत हो गई।

**मोटर मैकेनिक की सड़क हादसे में मौत :** माल कस्बा निवासी सलमान (31) के चचेरे भाई नईम ने उनका भाई सलमान महाराष्ट्र के पुणे में रहकर मोटर मैकेनिक था। उसने बताया कि सलमान के पिता वकील अहमद की तबीयत खराब थी। वह इस समय आईआईएम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में एडमिट थे, जहां उनका इलाज चल रहा है। सलमान तीन दिन पहले पुणे से लखनऊ आया था। वह सोमवार शाम 7:00 बजे खाना लेने के लिए अपने दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था। इसी बीच ठाकुरगंज स्थित गऊघाट बंबा घर के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां सलमान की मौत हो गई।

**कार की टक्कर से युवक गंभीर, जेब से नगदी व मोबाइल गायब :** सरोजनीनगर। बिजनौर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही कार ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित के परिजनों ने कार सवारों पर नगदी और मोबाइल गायब करने का भी आरोप लगाया है।

माती निवासी मयाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 अप्रैल 2026 की शाम करीब 8 बजे उनका पुत्र अमन मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान कमलापुर के पास एक फोर्ड फिगो कार के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। टक्कर के चलते मोटरसाइकिल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।

## बी फार्मा डॉक्टर की संदिग्ध हालात में मौत

**लखनऊ।** अलीगंज क्षेत्र में मंगलवार को एक निजी अस्पताल संचालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घरवालों ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उनका पोस्टमार्टम कराया। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। उनका हार्ट और बिसरा रखा गया है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः संतकबीर नगर स्थित बखीरा निवासी रियाद अहमद अलीगंज स्थित शिवलोक कॉलोनी बंधा रोड पर एक निजी अस्पताल संचालक थे। भाई अमिर ने बताया रविवार रात भाई रियाज अहमद अचानक वह फर्श के पर गिर पड़े। उन्हें इलाज के लिए उन्हें लारी कार्डियोलॉजी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया।

## रेलकर्मी की मौत, बहू पर हत्या का आरोप

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब स्थित बरगदी के तकिया गांव निवासी रिजवान अली रेलवे में नौकरी करते थे उनकी संदिग्धावस्था में मौत हो गयी। उन्होंने बहू पर हत्या का रिपोर्ट दर्ज करायी है। वह मदेयगंज में पत्नी सना के साथ रहकर सिटी स्टेशन में नौकरी कर रहे थे। उन्होंने अपनी जगह बेटे को नौकरी लगवा दी। बेटे ने सना से लव मैरिज की। उसके बाद रिजवान बख्शी का तालाब से पत्नी के साथ मदेयगंज रहने लगे। रविवार देर रात 12:30 बजे राशिद अली के रेलवे कर्मी दोस्त ने बताया कि उनके बेटे की महानगर स्थित रेलवे हॉस्पिटल में मौत हो गई।

## कम्प्यूटर कारोबारियों से 50 लाख की ठगी

**लखनऊ।** नाजा मार्केट में कम्प्यूटर कारोबारियों के साथ 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गयी। राजस्थान के दो जालसाजों ने मार्केट में कम्प्यूटर का कारोबार शुरू किया। उसके बाद व्यापारियों से संबंध बनाकर व्यापार किया। जाल में फंसाने के बाद करीब 35 व्यापारियों से 50 लाख का माल उधार लेकर शोरूम बंद कर फरार हो गया। पीड़ितों ने डीसीपी मध्य विक्रांत वीर से मुलाकात कर शिकायत की। शुरूआती जांच के बाद हजरतगंज पुलिस ने दो जालसाजों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित व्यापारियों उपकार सिंह, हर्ष बंसल, सुभाष चंद्र समेत अन्य ने दी तहरीर में बताया कि नवंबर 2025 में नाजा मार्केट स्थित भोपाल हाउस लालबाग में आइकॉन कम्प्यूटर्स के नाम से दुकान खोली गई थी। दुकान संचालक कानाराम मानाराम चौधरी निवासी राजकोट राजस्थान और धीरज खेमराम चौधरी निवासी कोटा राजस्थान ने धीरे-धीरे बाजार के व्यापारियों से संपर्क बढ़ाया। विश्वास बनाने के बाद आरोपियों ने बड़ी मात्रा में माल उधार लिया। आरोपियों ने कुछ समय बाद भुगतान करने की बात कही। तय समय पर पीड़ित पेमेंट के लिए दुकान पहुंचे तो वहां ताला मिला।

# काकोरी में महिला की पीट-पीटकर की गई थी हत्या, शिनाख्त नहीं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** काकोरी के मदारपुर गांव में सड़क किनारे मिली 32 वर्षीय महिला का पोस्टमार्टम मंगलवार को किया गया। उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई। शरीर पर दो दर्जन से अधिक चोट के निशान मिले हैं। वहीं, उसके सिर में चार चोट के निशान मिले हैं। डॉक्टरों का कहना है कि महिला की पिटाई करके हत्या की गई। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड तैयार की गई है। हालांकि पुलिस अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं कर सकी है।

बताते चलें कि मदारपुर गांव के बाहर बिस्तर में लिपटी अर्धनग्न महिला का शव गुरुवार को मिला था। पुलिस ने शिनाख्त के लिए सम्पर्क किया लेकिन कोई शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कराया है। जिसमें पिटाई से हत्या की पुष्टिद हुई है।

## दबंग पड़ोसियों ने मां-बेटी पर किया हमला

**लखनऊ।** थाना क्षेत्र सरोजनीनगर के बेहसा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों द्वारा बेहसा गांव निवासी सपना रावत पुत्री हरिराम रावत ने मां-बेटी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, इस हमले में उसे और उसकी मां को चोटें आईं।


# कार्यालय नगर पंचायत रामपुर जौनपुर

**सार्वजनिक सूचना (अन्तिम प्रकाशन)**

पत्रांक 525 /न.पं.राम. /2024-25 प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर/उपविधि/2024-25 के द्वारा नगर पंचायत रामपुर नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 (1) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पालिका बयलाजों के अंतर्गत प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण (रेखांकन) दरों एवं अन्य शुल्कों पालिकाहित की दृष्टि से संसोधन करने के उद्देश्य से संसोधन का प्रारूप सयुक्त रूप से तैयार किया गया है। जोकि नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के द्वारा बोर्ड की बैठक प्रस्ताव स.-07 (3) बैठक दिनांक 18-11-2024 के द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। नगर पालिका अधिनियम की धारा 301 (1) के प्रावधानों के अनुसार प्रारूप का प्रसाशन समस्त जनता के सूचनार्थ इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि ऐसे समस्त व्यक्ति जिन पर संसोधन प्रारूप का प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, अपनी-अपनी आपत्ति अथवा सुझावो प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर पालिका में प्रस्तुत कर दें, अन्यथा निर्धारित समय उपरांत नगर पालिका की अधिनियम धारा 301 (2) के अन्तर्गत शासकीय गजट के अंतिम प्रकासन की कार्यवाही कर दी जाएगी।

उपरोक्त के क्रम में दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय दैनिक जागरण व वाइस आफ लखनऊ' में दिनांक 20.02.2025 को 15 दिन के भीतर सुझाव एवं आपत्ति हेतु प्रकाशित कराया गया था, प्रकाशन के उपरान्त निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति या सूझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

अतः यह विज्ञप्ति राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होगी ।

**उपविधि प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/ बारात घर में होने वाले कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण के स्वरूप का प्रारूप वर्ष 2024-25**

(1) यह उपविधि **मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर में होने वाले कार्यक्रम में उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण** उपविधि नगर पंचायत **रामपुर** जौनपुर कहलायेगी।

(2) (क) पालिका का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर से होगा।
(ख) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के अधिशासी अधिकारी से होगा।
(ग) अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी से होगा।
(घ) बोर्ड अथवा अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर के बोर्ड अथवा अध्यक्ष से होगा।
(ड) अधिनियम का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से होगा।

(3) नगर पंचायत सीमान्तर्गत यदि कोई भी मैरेज हॉल या मैरेज लॉन, बारात घर संचालित होता है और उसमें किसी भी कार्यक्रम के उपरान्त जो भी कूड़ा उत्पन्न होता है जिसका एरिया 2000 स्क्वायर फीट तक स्थित है उन्हे प्रति कार्यक्रम के पहले 2,000.00 रुपए कूड़ा निस्तारण हेतु शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(4) यदि किसी **मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर** का एरिया 2000 स्क्वायर फीट से ऊपर का एरिया पाया जाता है तो प्रति 1000 स्क्वायर फीट पर 200 रू. अतिरिक्त शुल्क प्रति कार्यक्रम के पहले कूड़ा निस्तारण हेतु शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।

| क्र.सं. | उपविधि प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर में होने वाले कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण (रेखांकन) के स्वरुप की मदें | प्रस्तावित दरें/शुल्क रु. में |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 2000 स्क्वायर फीट एरिया तक प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर में होने वाले कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क । | प्रति कार्यक्रम 2,000.00 रू. |
| 2 | 2000 स्क्वायर फीट एरिया से ऊपर प्रति 1000 स्क्वायर फीट के प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर में होने वाले कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क | प्रति कार्यक्रम 200.00+2000.00 =2200.00 रू. |

**शास्ति (दण्ड)**

सयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत रामपुर यह निर्देश देती है कि इस उपविधि के किसी उपबंधों का भंग की स्थिति में अर्थात यदि किसी मैरेज हॉल या मैरेज लॉन, बारात घर स्वामी द्वरा यदि कूड़े को अन्यत्र सार्वजानिक स्थान जैसे सड़क या तालाब आदि के किनारे कूड़ा फेकते पाए गए या सूचना प्राप्त होती है तो ऐसी परिस्थिति में उक्त सीमा के अंतर्गत 2000.00 रु. की दर से जुमार्ना शुल्क जमा करना होगा।

**(कुँवर गौरव सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर**

**(विनोद कुमार जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर**


# आपका स्मार्ट मीटर, आपका फैसला : रखना है पोस्टपेड या लेना है प्रीपेड का लाभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए एक और खुशखबरी है। बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगवाना भले ही अनिवार्य हो लेकिन उन्हें अब यह विकल्प चुनने का अधिकार मिल गया है कि वह अपना मीटर पोस्टपेड तरीके से ही चलाना चाहते हैं, या प्रीपेड विकल्प में जाना चाहेंगे। स्मार्ट मीटर लगाने वाला टेक्नीशियन आपके घर पर सिर्फ स्मार्ट मीटर लगा सकता है, आपको जो भी विकल्प चाहिए उसके लिए आपको बिजली विभाग से बात करनी होगी।

पोस्टपेड विकल्प में चलने वाले स्मार्ट मीटर में सामान्य मीटर की तरह ही महीने के आखिर एक बार बिल आएगा और बकाया बिल पर आपको चक्रवृद्धि ब्याज भी देना होगा। लेकिन उपभोक्ता बिजली के स्मार्ट मीटर को प्रीपेड तरीके से इस्तेमाल करता है तो वह प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ ले सकता है। जिनमें



बिजली विभाग द्वारा बनाए गए ऐप के जरिए रियल टाइम पर बिजली खपत की जानकारी, सटीक बिलिंग, आसान भुगतान, सोलर पैनल के साथ स्मार्ट मीटर का उपयोग और ऑनलाइन रिचार्ज पर मिलने वाली छूट समेत राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

दरअसल, स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को यह अतिरिक्त सुविधा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा बीते 1 अप्रैल 2026 को जारी उस नए संशोधन के बाद आया है। जिसमें 'अनिवार्य प्रीपेड' की शर्त को हटा दिया है। अर्थात स्मार्ट मीटर लगवाना अभी भी अनिवार्य है, लेकिन इस नए संशोधन से आपको पोस्टपेड या प्रीपेड के विकल्प का अधिकार मिल गया है। अब उपभोक्ताओं को यह चुनने की आजादी होगी कि वे पोस्टपेड (पहले बिजली इस्तेमाल करें, फिर बिल भरें) विकल्प में रहना चाहते हैं, या प्रीपेड (पहले रिचार्ज करें) विकल्प को अपनाना चाहते हैं।

विभागीय अधिकारी यह बताते हैं कि सबसे पहले तो बिजली उपभोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि स्मार्ट मीटर सिर्फ एक मीटर है, जिसका काम सिर्फ बिजली खपत की रीडिंग करना है। बिजली का टैरिफ रेट संबंधित राज्य विद्युत विनियामक आयोग हर साल तय करता है और उसी के मुताबित बिजली बिल बनता है।


**सूचना**

मैं श्रीमती प्रभावती केसरवानी पत्नी सुधीर केसरवानी घोषणा करती हूं कि मेरा सही व पूर्ण नाम प्रभावती केसरवानी है, इसी नाम से मेरा आधार कार्ड संख्या-767823387431 बना है। रिलायन्स लाइफ इंश्योरेन्स की पालिसी संख्या 86125683 व कांट्रेक्ट नं.-5100186 में त्रुटिवश मेरा नाम प्रभावती अंकित हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरा सही व पूर्ण नाम प्रभावती केसरवानी है, जो कि बिलकुल सही व सत्य है, मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जाए। प्रभावती केसरवानी पत्नी सुधीर केसरवानी निवासिनी 52/15, उदयगंज, लखनऊ।


# कई मकानों से चोरों ने नकदी व जेवर उड़ाये

**लखनऊ।** नगराम के बहरौली गांव निवासी मजदूर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मां शांति की तबीयत खराब चल रही थी। 2 अप्रैल को गोमतीनगर के खरगापुर स्थित निजी अस्पताल में मां को लेकर पहुंचे। जांच के बाद डॉक्टर ने मां भर्ती कर लिया। अभिषेक व बड़ा भाई राहुल मां की देखरेख में अस्पताल में थे सुबह द्वार का ताला टूटा देख वह अंदर गया तो सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चोर कमरे में रखे बक्से में का ताला तोड़कर रुपये व जेवर उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि घर पर दोनों बहनें के जेवर भी रखे हुए थे। चोर उन्हें भी साथ ले गए।

**कृष्णानगर में तीन घरों में चोरी :** कृष्णानगर पुलिस ने चोरी की तीन वारदातों में फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 25 हजार का इनाम था। आरोपी के पास से पुलिस ने रुपये व करीब आठ लाख के जेवर बरामद किए हैं। इससे पहले पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश विपिन और उससे पहले शुभम सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। डीसीपी दक्षिणी अमित आनंद ने बताया कि कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा और विजयनगर में करीब एक माह के भीतर तीन घरों में चोरियां हुई थी। पुलिस ने घटना में शामिल शुभम सोनी को 21 मार्च को जेल भेजा था। उसके बाद 11 अप्रैल को मुठभेड़ में इनामी विपिन को पकड़ा था। फरार कुलदीप यादव निवासी मल्हौर चिनहट पर 25 हजार रुपये का इनाम था।

**जेवर उड़ाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार :** ई-रिक्शा व ऑटो पर बैठकर दूसरी सवारियों के जेवर उड़ाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कृष्णानगर पुलिस ने किया है। पुलिस ने गिरोह की महिला संचाक, उसके पति समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। पुलिस ने तीन वारदातों का खुलासा किया है।

# उल्लास के साथ मना बैसाखी का पर्व, गुरुद्वारों में सजा विशेष दीवान






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर के गुरुद्वारों में बैसाखी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारों को रंगी बिरंगी झालरों और फूलों से सजाया गया। गुरुद्वारों में शबद-कीर्तन कर गुरुजी की महिमा का गुणगान किया गया। सिख संगत ने गुरुवाणी का पाठ किया। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारों में श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के चरणों में मत्था टेका कर आशीर्वाद लिया और सुख-शांति और भाईचारे की कामना की। वहीं श्रद्धालुओं ने लंगर छका।

खालसा पंथ का साजना दिवस बैसाखी पर्व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नाका हिंडोला लखनऊ, में बड़ी श्रद्धा एवं पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब का भव्य दीवान हाल बहुत ही खूबसूरती से सजाया गया था, दीवान हाल के बीचो-बीच फूलों की और बिजली की झालरों से सुसज्जित सुंदर संगमरमर की पालकी साहिब में श्री गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया था। प्रातः काल से ही लखनऊ एवं आसपास के इलाकों से श्रद्धालु गुरुद्वारा नाका हिंडोला में पहुंचने लगे तथा पंक्तियों में खड़े होकर श्री गुरुग्रंथ साहिब के दर्शन के पश्चात अपना स्थान ग्रहण कर गुरबाणी का रस पान किया। श्री अखंड पाठ की समाप्ति के पश्चात हजूरी रागी भाई रविंदर सिंह ने अपनी मधुर वाणी में पवित्र आसा दी वार का अमृतमयी शबद कीर्तन गायन कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर और कर दिया। ज्ञानी विनोद सिंह जी ने बैसाखी पर्व पर कथा व्याख्यान किया। विशेष रूप से पधारे हजूरी रागी भाई गुरप्रीत सिंह एवं गुरविंदर सिंह जी, श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर वालों ने। खालसा मेरो रूप है खास, खालसे में हौं करो निवास।। शबद कीर्तन गायन कर साथ संगत को निहाल किया। माता गुजरी सत्संग सभा एवं गुरमत संगीत अकैडमी गुरुद्वारा नाका हिंडोला लखनऊ के बच्चों ने भी संगतो को नाम सिमरन, शबद कीर्तन, गायन कर समूह साध संगत को भाव विभोर किया। अरदास के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सरदार मनमीत सिंह एवं सरबजीत सिंह ने किया। गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष डॉक्टर सरदार अमरजोत सिंह जी ने सभी नगर वासियों को बैसाखी पर्व पर हार्दिक बधाई दी तथा सिख संगठनों /जत्थेबंदियों एवं प्रशासन द्वारा को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और हार्दिक आभार प्रकट किया। दरबार हाल की सजावट एवं संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था सरदार हरमिंदर सिंह (टीटू) सरदार दलजीत सिंह जी की देखरेख में हुआ। सिख सेवक जत्थे ने हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी समूह संगत के जोड़ों (जूतो) सेवा संभाली।

दोपहर के 12:30 बजे से गुरु का लंगर समस्त संगतो में वितरित किया गया। लंगर पकाने की सेवा सरदार रनजीत सिंह एवं उनके साथियों द्वारा की गई, लंगर वितरित करने की सेवा सिख यंग मैन एसोसिएशन एवं दशमेश सेवा सोसायटी व जन समाज सेवा संस्था के सदस्यों द्वारा की गयी। जल की सेवा श्री सुखमनी सेवा सोसायटी एवं अमृत सेवक जत्था लखनऊ द्वारा की गयी। दरबार हाल में (अनुशासन) की सेवा यूथ खालसा एसोसिएशन एवं दशमेश सेवा दल द्वारा की गई इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक एवं समाज सेवक नीरज सिंह ने भी गुरुद्वारा साहब में माथा टेका ओर समूह साध संगत को बैसाखी पर्व की हार्दिक बधाई दी कार्यक्रम को सफल एवं सुचारित रूप से चलाने में सरदार राजिंदर सिंह (पप्पू), सरदार दविंदर सिंह, सरदार आज्ञा पाल सिंह, अमनप्रीत सिंह, का विशेष सहयोग रहा।

**गुरुद्वारा आलमबाग में सिक्खी वेषभूषा में सजे बच्चे, जीते पुरस्कार :** गुरुद्वारा आलमबाग में मंगलवार को खालसा साजना दिवस मनाया गया। इस मौके पर दशमेश पब्लिक स्कूल के बच्चों और सतबीर सिंह ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। हेड ग्रंथी ने बैसाखी पर खालसा साजनां दिवस के इतिहास के बारे में बताया। यहां पर सिक्खी बाना में बच्चों को प्रतियोगिता हुई। जिसमें बच्चों ने सुंदर सिक्खी वेषभूषा धारण कर आये।

**बैसाखी का सांस्कृतिक महत्वः** बैसाखी का पर्व भारतीय समाज में एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से कृषि प्रधान समाज के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बैसाखी के दिन नई फसल की कटाई होती है। किसानों के लिए यह दिन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक होता है, क्योंकि उन्हें अपनी मेहनत का फल मिल रहा होता है। खासकर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन को किसान अपनी नई फसल की खुशहाली के रूप में मनाते हैं, और पारंपरिक तरीके से खेतों में काम करते हुए ढेर सारी खुशियां मनाते हैं। इसके साथ ही, बैसाखी का पर्व सामूहिक उत्सव का रूप भी धारण करता है।

## खालसा सजना दिवस पर श्रद्धालुओं ने किया अमृत संचार






लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब यहियागंज में आज खालसा सजना दिवस (वैसाखी) के पावन अवसर पर अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उमंग के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातःकाल 5 बजे से ही गुरुद्वारा साहिब में दीवान आरंभ हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने उपस्थित होकर गुरुबाणी का आनंद प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरूआत नितनेम पाठ से हुई, जिसके उपरांत ज्ञानी परमजीत सिंह ने अत्यंत श्रद्धा के साथ सुखमनी साहिब का पाठ किया। इसके पश्चात वातावरण गुरुमय हो उठा जब भाई कर्नेल सिंह ने मधुर स्वर में आसा की वार का कीर्तन प्रस्तुत किया। संगत ने भाव-विभोर होकर कीर्तन का रसास्वादन किया। दीवान के दौरान ज्ञानी जगजीत सिंह जाचक ने खालसा सजना दिवस एवं वैसाखी के ऐतिहासिक महत्व पर विस्तृत और प्रेरणादायक कथा प्रस्तुत की। उन्होंने संगत को वर्ष 1699 में गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा श्री आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की ऐतिहासिक घटना का विस्तार से वर्णन किया। ज्ञानी जाचक जी ने आगे बताया कि खालसा पंथ की स्थापना के बाद भारतीय समाज में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया—जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव की दीवारें टूटने लगीं तथा साहस, समानता और धर्म की रक्षा के लिए खड़े होने की भावना का विकास हुआ। खालसा ने न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर भी भारत को नई दिशा प्रदान की। आज के इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में 48 श्रद्धालुओं ने अमृतपान कर खालसा पंथ में प्रवेश किया। अमृत संचार के उपरांत ह्लजो बोले सो निहाल, सत श्री अकालह्व के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा और सभी नवदीक्षित सिखों का संगत द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधन में परमजीत सिंह पम्मी गुलशन जोहर जी एवं दलजीत सिंह ने लंगर की सेवा एवं व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु का लंगर ग्रहण किया। समारोह के अंत में डॉ. गुरमीत सिंह ने सभी संगतों, सेवदारों एवं आगंतुकों का धन्यवाद व्यक्त किया और खालसा पंथ के सिद्धांतों पर चलने का संदेश दिया।

इसके अतिरिक्त, तेजेंद्र सिंह तलवार परिवार द्वारा अखंड पाठ साहिब की संपूरणता करवाई गई, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। वहीं सतनाम सिंह सेठी परिवार ने अपने परिवार में नवजात बच्चों के नामकरण संस्कार भी आज के इस पवित्र दिन पर संपन्न करवाए। इस प्रकार खालसा सजना दिवस का यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा भावना और गुरमत विचारधारा के प्रसार का भी सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

## गुरुद्वारा मानसरोवर में शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल, भक्तों ने चखा लंगर






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मानसरोवर गुरु तेग बहादर नगर एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड लखनऊ में बहुत ही श्रद्धा से मनाया गया। अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा एवं महासचिव चरणजीत सिंह एवं सचिव गगनदीप सिंह बग्गा एवं कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह (पम्मी), परमजीत चन्दर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरिंदर बग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इकबाल सिंह ने संगतो को खालसा साजना दिवस पर बधाई दी। शाम के दीवान की समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर अटूट वितरित किया जायेगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने खालसा साजना दिवस को बहुत ही श्रद्धा भाव के साथ मनाया।

खालसा साजना दिवस पर अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा ने बताया कि दीवान की आरंभता अमृत वेले से नितनेम के पाठ, सुखमनी साहिब जी के पाठ के साथ हुई एवं हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह जी ने आशा दीवार के कीर्तन किये। और हैड ग्रंथि ज्ञानी परमजीत सिंह जी संगत को खालसा साजना दिवस के इतिहास के बारे में बताया। वर्ष 1699 की बैसाखी के पावन दिवस के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब की पावन धरती पर साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने उपस्थित समूह में मुख्य पंडाल पर आकर सिर की मांग की और कहा, 'है कोई गुरु का प्यारा जो गुरु के लिए अपना सिर दे सके 'पूरे पंडाल में सन्नाटा छा गया तभी एक एक करके देश के विभिन्न हिस्सों से आए भाई दया सिंह, भाई धर्म सिंह, भाई हिम्मत सिंह, भाई मोहकम सिंह, भाई साहेब सिंह ने एक-एक करके अपना शीश दिया और गुरु महाराज ने सबके समक्ष उनका सिर काट कर उन्हें पुनः जीवित कर, उन्हें अमृत छकाया। इस प्रकार से गुरु महाराज ने उस दिन सिख समाज से जात- पात, वर्ण, संप्रदाय, ऊंच-नीच का समस्त भेदभाव मिटा दिया तथा देश एवं धर्म के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर देने का अदम्य साहस उनमें भर दिया। गुरु महाराज ने भी पांच प्यारों से अमृत की अपेक्षा की, सभी पांच प्यारे बोले कि हमने सिर देकर अमृत प्राप्त किया है आप क्या देंगे तब गुरु महाराज ने कहा कि मैं अपना पिता तो देश परिवार के लिए पहले ही दे चुका हूं आने वाले समय में अपनी मां एवं पुत्रों के साथ सर्वस्व न्योछावर करूंगा। तब पांच प्यारों ने गुरु गोविंद सिंह महाराज को अमृत छकाया है। गुरु गोविंद सिंह गोविंद राय से गोविंद सिंह बने हैं। और हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह जी ने शब्द कीर्तन किया। वही सम्पूरन सिंह बग्गा जी ने यह भी बताया की हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह जी शब्द कीर्तन करते हुए शाम के दीवान की समाप्ति रात्री 9 बजे करेंगे।

## खरमास समाप्त, आज से शुरू होंगे मांगलिक कार्य



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में किसी भी शुभ या मांगलिक कार्य को करने से पहले सही मुहूर्त का चयन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि उचित समय पर किए गए कार्य सफल और फलदायी होते हैं। इसी संदर्भ में जब सूर्य देव गुरु ग्रह बृहस्पति की राशियों धनु या मीन में प्रवेश करते हैं, तो खरमास की शुरूआत होती है। यह अवधि वर्ष में दो बार आती है। इस साल खरमास 15 मार्च से शुरू हुआ था, जो करीब एक महीने तक रहता है। 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही इसका समापन हो जाएगा। इसके बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। पंचांग के अनुसार, 14 अप्रैल 2026 को सुबह 9 बजकर 38 मिनट पर सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेंगे, जिसके साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार जब सूर्य गुरु की राशियों में होता है, तब गुरु ग्रह की स्थिति कमजोर मानी जाती है। इसी कारण इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ और अन्य संस्कारों जैसे शुभ कार्यों से परहेज किया जाता है। साथ ही नया कारोबार शुरू करना, दुकान खोलना, संपत्ति या वाहन खरीदना भी इस दौरान शुभ नहीं माना जाता।

### अप्रैल के विवाह मुहूर्त

- **खरमास खत्म होने के बाद अप्रैल में कई विवाह के लिए शुभ तिथियां मौजूद हैं। इस महीने 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल को विवाह के लिए शुभ दिन माने गए हैं।**
- **मई में विवाह के लिए 1, 3, 4, 8, 9, 10, 15, 16, 17, 21, 22 और 23 तारीखें शुभ हैं। जून में 2, 3, 4, 5, 11, 12, 14, 23, 24 और 30 तिथियां अनुकूल हैं। जुलाई में 1, 5, 6, 7 और 15 तारीख को विवाह के शुभ योग बन रहे हैं।**
- **अप्रैल–जुलाई गृह प्रवेश के शुभ मुहूर्त**

**अप्रैल में 20 तारीख को गृह प्रवेश के लिए अच्छा मुहूर्त है। मई में 4, 8 और 13 तारीख उपयुक्त मानी गई हैं। जून में 24, 26 और 27 तारीख शुभ हैं। जुलाई में 1, 2 और 6 तारीख को गृह प्रवेश किया जा सकता है।**

## 'स्याल्दे बिखौती मेला' में दिखी पहाड़ी कला-संस्कृति




लखनऊ। श्री रामलीला समिति पर्वतीय महापरिषद शाखा गोमती नगर के तत्वावधान मे आज मंगलवार को ऐतिहासिक स्याल्दे बिखौती मेले का आयोजन पर्वतीय महापरिषद भवन, गोमती नगर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गणेश चन्द्र जोशी-अध्यक्ष पर्वतीय महापरिषद, विशिष्ट अतिथि महेन्द्र सिंह रावत, महासचिव रहे। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत शाखा अध्यक्ष गोविन्द सिंह बोरा एवं महासचिव रमेश चन्द्र उपाध्याय सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि को शाखा के श्री ख्याली सिंह कड़ाकोटी, पुष्कर सिंह नयाल, नारायण सिंह नेगी, टी डी कांडपाल, उमेश कैड़ा, हुकम सिंह, किशन सिंह बोरा, नरेन्द्र सिंह फत्र्याल, द्वारा बुके भेट किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विविध प्रकार के उत्तराखण्डी झोड़ा नृत्य एवं गायन रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्दना गीत के साथ हुआ गायक वादक कलाकार हारमोनियम पर नरेन्द्र सिँह फर्त्याल, कार्यक्रम में ग्राउण्ड में 250 से अधिक महिलाओं व पुरूषों द्वारा सामूहिक झोड़ा नृत्य का जबर्दस्त प्रदर्शन किया गया जिसमें अनेक पुराने एवं नए झोड़ा गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मेले का इतिहास-विदित है कि अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट कस्बे में सम्पन्न होने वाला स्याल्दे बिखौती का प्रसिद्ध मेला प्रतिवर्ष वैशाख माह में सम्पन्न होता है। हिन्दू नव संवत्सर की शुरूआत ही के साथ इस मेले की भी शुरूआत होती है जो चैत्र मास की अन्तिम तिथि से शुरू होता है। यह मेला द्वाराहाट से आठ कि.मी. दूर प्रसिद्ध शिव मंदिर विभाण्डेश्वर में लगता है।

## गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। इस्कॉन मन्दिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभुजी के दिशा-निर्देशन में लखनऊ एवं आस-पास के भक्तों ने परम पूज्य श्रील गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज जी को उनके तिरोभाव दिवस पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि दी गयी। हमें परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज द्वारा दी गयी शिक्षाओं को अपने आचरण मे उतारकर मन्दिर अध्यक्ष, गुरू एवं अधिकारियों के दिशा निर्देशन मे सेवाएं करते हुए समाज में कृष्ण भावनामृत का प्रचार करना चाहिए एवं श्रील प्रभुपाद जी द्वारा रचित साहित्यों, ग्रंथों एवं श्रीमद भगवत गीता का वितरण करने में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए यही उनको वास्तविक श्रद्धांजलि होगी। मन्दिर एवं शहर भर से आये गणमान्य भक्तों ने परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज का गुणगान करते हुए श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजली अर्पित की गयी। इस्कॉन भक्तों द्वारा अर्पित किये गये 56 भोग को कार्यक्रम की समाप्ति पर महाप्रसाद के रूप में ग्रहण करने के साथ-2 सभी भक्तों ने स्वादिष्ट भोजन प्रसादम ग्रहण किया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस**

**पत्रांक : 2262/ग्रा.अ.वि./ई-निविदा/निर्माण/2025-26** **दिनांक 31.03.2026**

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ.प्र. में ए.बी.सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू. में (जीएसटी छोडकर) | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2025-26 में संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) निधि (राज्यांश) मा. सदस्य विधान परिषद् गोण्डा/बलरामपुर योजनान्तर्गत। | | | | |
| 01 | गोण्डा | ग्राम पंचायत मझारा में लुटईपुरवा में काली माता मन्दिर के बगल से होते हुये रोजअली के घर के बगल सी.सी. रोड तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य। | 30.97 | 0.62 | 300+500 +GST | चार माह |

2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 22.04.2026 से 30.04.2026 तक।
3. ई-निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय-30.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक ।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय-30.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लागिन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग**
**प्रखण्ड-गोण्डा**

UPID-249792 Date:13.04.2026 Website : www.upgov.nic.in

## यूपीएसएनए में मनी डॉ. आम्बेडकर की जयंती



लखनऊ। योगी आदित्यनाथ की कला संवर्धन-संरक्षण की नीति के अनुपालन में एवं जयवीर सिंह मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन की प्रेरणा व मार्गदर्शन में तथा प्रो. जयंत खोत अध्यक्ष, विभा सिंह उपाध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 जयंती मंगलवार 14 अप्रैल को अकादमी परिसर में मनायी गई। इस अवसर पर प्रो. जयंत खोत एवं निदेशक डॉ.शोभित कुमार नाहर ने सर्वप्रथम भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये। अर्थशास्त्री डॉ. अम्बेडकर की पुस्तक 'द प्रॉब्लम ऑफ द रुपीः इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशन' के विचारों का उपयोग कर साल 1935 में भारतीय रिजर्व बैंक के गठन में किया गया था। समरीन के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी सहित कथक केन्द्र और रेडियो जयघोष के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बुध प्रदोष व्रत आज, भक्त करेंगे शिवजी की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत को बेहद पवित्र और फलदायी माना जाता है. यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के लिए समर्पित होता है. मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से पूजा करने पर शिव कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। हर महीने में दो बार प्रदोष व्रत रखा जाता है, जो त्रयोदशी तिथि को होता है। इस दिन भक्त सुबह से व्रत रखकर शाम के समय विशेष पूजा करते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरूआत 15 अप्रैल को रात 12 बजकर 12 मिनट पर शुरू होगी, वहीं, इस तिथि का समापन 15 अप्रैल को रात 10 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में 15 अप्रैल को प्रदोष व्रत किया जाएगा। शिव परिवार की विधि-विधान से आराधना करने के बाद व्रत का पारण किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, प्रदोष काल में पूजा करना विशेष रूप से शुभ माना गया है. ऐसे में हर भक्त यह जानना चाहता है कि अप्रैल माह का पहला और वैशाख महीने का पहला प्रदोष व्रत कब रखा जाएगा।

**बुध प्रदोष व्रत का महत्वः** प्रदोष व्रत भगवान शिव की विशेष कृपा पाने का एक श्रेष्ठ माध्यम माना जाता है. खासकर जब यह व्रत बुधवार के दिन पड़ता है, तो इसका महत्व और बढ़ जाता है. मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से व्रत और पूजा करने से भोलेनाथ भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं. प्रदोष व्रत का पुण्य प्रभाव जीवन के कष्टों और परेशानियों को दूर करता है. यह व्रत नकारात्मकता और पापों का नाश कर सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग खोलता है. नियमित रूप से यह व्रत करने से व्यक्ति के जीवन में सौभाग्य और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**पूजा विधिः** सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। घर के मंदिर और पूजा स्थान की साफ-सफाई करें। मंदिर में दीपक जलाएं। भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करें। शिवजी को धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें। शिवलिंग पर कच्चा दूध चढ़ाएं। सायंकाल प्रदोष काल में भगवान शिव की विधिवत पूजा करें। शिवलिंग पर पुनः जलाभिषेक करें। प्रदोष व्रत की कथा पढ़ें या सुनें। शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल, धतूरा, आक के फूल और भस्म अर्पित करें। प्रदोष व्रत के दिन कुछ खास नियमों का पालन करना बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करने के बाद सूर्य देव को जल अर्पित करते हुए व्रत का संकल्प लें। इसके बाद अपने पूजा स्थान को साफ-सुथरा बनाएं और भगवान शिव का पंचामृत से अभिषेक करें. फिर पूरे शिव परिवार की विधिपूर्वक पूजा करें और शिवलिंग पर बेलपत्र, पुष्प, धूप और दीप अर्पित करें. पूजा के दौरान मन को शांत रखें और पूरी श्रद्धा के साथ प्रदोष व्रत की कथा का पाठ करें. अंत में भगवान शिव की आरती करें और शिव चालीसा का पाठ अवश्य करें. मान्यता है कि इस विधि से किया गया व्रत विशेष फलदायी होता है. पूजा पूर्ण होने के बाद ही अपना व्रत खोलें, जिससे व्रत का पूर्ण लाभ प्राप्त होता है।

संक्षेप

## धूमधाम से मनयी गयी आंबेडकर जयंती

**नसीराबाद, रायबरेली।** सलोन विधानसभा क्षेत्र में जगह- जगह भीमराव ओबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर पंचायत नसीराबाद में आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम पासी, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मो.हारून, श्याम सुंदर तिवारी नवी बक्स अरविंद कुमार मौर्य मंसाराम मौर्य आदि ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं छतोह ब्लॉक के ग्राम परैया नमकसार के अंबेडकर पार्क में वीरेंद्र कुमार पासवान, छतोह की दलित बस्ती में प्रधान प्रतिनिधि सोहराब खान ने विशेष कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को नमन किया। सपा के ब्लॉक अध्यक्ष राम किशोर पुजारी यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के समाजसेवी नंदलाल सरोज, डॉक्टर इंद्रजीत सरोज, राजमणि सिंह ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और पुष्पांजलि अर्पित की। टिकरिया मोड पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में राघवेंद्र पांडेय,चंदन सिंह आदि ने तथा सुजवरिया में इंद्र बहादुर सिंह, खुशाल आदि ने भी डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प हार चढ़ाये।

## फार्मर रजिस्ट्री कराने को विशेष कैंप का आयोजन

**सलोन, रायबरेली।** ग्राम पंचायत मटका में किसानों की सुविधा के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए खतौनी और आधार से जुड़े मोबाइल नम्बर पंजीकरण कराए इस कैम्प में लेखपाल अमित पांडेय और कृषि विभाग के अटेस्ट टेक्नोलॉजी मैनेजर अनिल कुमार मौर्य रहे। कैंप के दौरान ग्राम प्रधान ने उपस्थित किसानों से अपील की कि सभी किसान समय रहते अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें। उन्होंने चेतावनी दी कि पंजीकरण न कराने पर भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहना पड़ सकता है इस मौके पर लेखपाल विनय यादव, रोजगार सेवक वीरेंद्र कुमार मौर्य, पंचायत सहायिका अलिसा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कैंप में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर सैकड़ो किसानों ने पंजीकरण कराने में सहयोग प्रदान किया।

# सदर विधायक अदिति सिंह ने पेश की मानवता की मिसाल

## घायलों की मदद को रुका काफिला



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने एक बार फिर अपने संवेदनशील और जिम्मेदार नेतृत्व का परिचय दिया। त्रिपुला चैराहे से कैम्प कार्यालय कोठी जाते समय अहिया रायपुर के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना को देख उनका काफिला तत्काल रुक गया। विधायक अदिति सिंह खुद मौके पर उतरीं और घायलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बिना देरी किए एंबुलेंस की व्यवस्था कराई और सभी घायलों को सुरक्षित अस्पताल भिजवाया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से भी सहयोग करने की अपील की। इस मानवीय पहल ने वहां मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। क्षेत्रवासियों ने विधायक के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि ही सच्चे अर्थों में जनता के सेवक होते हैं। यह घटना केवल एक दुर्घटना तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह दशार्ती है कि जब इंसानियत पुकारती है, तो सच्चे जनसेवक बिना देर किए आगे बढ़कर मदद करते हैं। रायबरेली में इस पहल को लेकर लोगों में गर्व और सम्मान की भावना देखी जा रही है।

## अस्मिता के तहत जिले में आयोजित होगी प्रतियोगिता

**सुलतानपुर।** खेलो इंडिया जिला स्तरीय महिला लीग का आयोजन जिले पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण उप्र ओलंपिक संघ तथा सभी खेल संघों की जिला ईकाई के समन्वय से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल टेबल टेनिस हैंडबॉल और कबड्डी में महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगी ये जानकारी आयोजन सचिव प्रवीण मिश्रा ने दी ' उन्होंने बताया कि सभी संघों की जिला ईकाई से समन्वय स्थापित कर लिया गया हैं और तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। टेबल टेनिस संघ के सचिव सईद, वॉलीबॉल संघ सचिव एसएन सिंह कबड्डी संघ सचिव महेश यादव हैंडबॉल संघ के विक्रम सिंह सहित आयोजन में मुनेंद्र मिश्र उदय सिंह प्रदीप यादव आरिफ नियाज अनुपम शुक्ला अवधेश मिश्र सहित जिले के खिलाड़ी व प्रशिक्षक रहेंगे शामिल।

## डॉ. रमेश चंद्रा को मिला राष्ट्रीय सम्मान क्रिकेटर सुरेश रैना ने किया सम्मानित

बृजेश यादव

**शुकुल बाजार, अमेठी,।** थाना क्षेत्र के पूरे नया गांव निवासी डॉ. रमेश चंद्रा को उनकी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा और समाजसेवा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित हयात सेंटर में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सुरेश रैना के




नेतृत्व में उन्हें ह्लवर्ष का सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी एवं राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश की कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

ग्रामीण परिवेश और किसान परिवार से आने वाले डॉ. रमेश चंद्रा का बचपन आर्थिक तंगी में बीता। कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद उन्होंने ट्यूशन पढ़ाकर अपनी पढ़ाई जारी रखी और संघर्ष करते हुए चिकित्सक बनने तक का सफर तय किया। उन्होंने प्राथमिक एवं जूनियर स्तर की शिक्षा गांव के प्राथमिक जूनियर विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद हाईस्कूल की पढ़ाई ब्लॉक स्थित के सीआर सी इंटर कॉलेज से पूरी की। इंटरमीडिएट की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर से की। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में अपना स्थान बनाया और आज लखनऊ में सामान्य चिकित्सक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. रमेश चंद्रा लंबे समय से जरूरतमंदों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने हजारों मरीजों का मुफ्त उपचार किया है। कोविड-19 महामारी के दौरान उनका योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में सेवाएं देते हुए उन्होंने प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों का इलाज किया और कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई। महामारी के दौरान और उसके बाद भी उन्होंने जरूरतमंदों को निःशुल्क परामर्श, दवाइयां, भोजन और राशन उपलब्ध कराया। वे समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर गरीब और असहाय लोगों का मुफ्त इलाज करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी वे जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करते हैं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराते हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में भड़की चिंगारी से गृहस्थी खाक ,9 मवेशी जिंदा जले



**हरचंदपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे अंगद मजरे प्यारे पुर गांव में मंगलवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग में एक घर की गृहस्थी खाक हो गई। हादसे में घर में बंधे 9 मवेशी जिंदा जल गए आग बुझाने के प्रयास में भवन स्वामी भी बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के पूरे अंगद मजरे प्यारेपुर गांव के समरजीत पुत्र प्रहलाद के घर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और पल भर में समरजीत के घर की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई आग की चपेट में आने से 7 बकरियां और 2 गायें जिंदा जल गई। आग बुझाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रयास शुरू किया लेकिन जब तक की फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचती समर जीत के घर का सारा सामान जल चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष छोटेलाल पासी व राहुल वाजपेई, मनोज तिवारी, संदीप सहित कई कांग्रेस के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात कारण से आग लगने की घटना हुई है फिरहाल मामले की जांच की जा रही है।

## अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन

**रायबरेली।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर जनपद में अग्नि सुरक्षा एवं जन जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत फायर स्टेशन नगर से एक अग्नि जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें फायर सर्विस के विभिन्न वाहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने की। उन्होंने फायर स्टेशन नगर रायबरेली से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल फायर सर्विस वाहनों ने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आम नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस हर वर्ष 14 अप्रैल को देशभर में मनाया जाता है। यह दिवस उन वीर अग्निशमन कर्मियों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने 1944 में मुंबई में हुए भयंकर डॉकयार्ड आग की घटना में अपने प्राणों की आहुति दी थी। रैली के दौरान फायर सेवा कर्मियों ने नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और पर्चे वितरित कर लोगों को बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां कैसे बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती हैं। खासकर घरों में बिजली के उपकरणों के उपयोग, गैस सिलेंडर की सुरक्षा और बच्चों को आग से दूर रखने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने कहा, ह्लअग्निशमन सेवा हमारे समाज का अभिन्न अंग है। इस दिवस पर हम न केवल उन शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं बल्कि आम नागरिकों को भी जिम्मेदार बनाते हैं कि वे खुद और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सतर्क रहें। कार्यक्रम में फायर अधिकारी, पुलिस कर्मी, एनसीसी-एनएसएस के छात्र और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## आग से दर्जनों बीघा गेहूं की फसल राख



**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** जनपद के दोस्तपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वभरौली ग्राम सभा में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते दर्जनों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस हादसे में किसानों की महीनों की कड़ी मेहनत पल भर में खाक हो गई, जिससे क्षेत्र में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगते ही ग्रामीणों ने अपने स्तर पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। सूचना मिलने पर कादीपुर से फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, जिससे आसपास की अन्य फसलों को बचाया जा सका। घटना की सूचना पर दोस्तपुर थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डायल 112 की टीम, कस्बा इंचार्ज सब इंस्पेक्टर अनूप सिंह व अन्य पुलिसकर्मी भी राहत कार्य में जुटे रहे। वहीं हल्का लेखपाल अरुण यादव ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। इस अग्निकांड में सतदेव, भूग्गी लाल, सूरज, विजय निषाद, संतोष सिंह, जंत्री लाल निषाद, कौशल सिंह, हीरा लाल निषाद, संजय, जोगी लाल, रामजी निषाद, विपिन तिवारी और सोनू तिवारी सहित कई किसानों की फसलें जल गईं। प्रशासन ने प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

## सपा कार्यालय पर मनायी गयी डॉ.आंबेडकर की जयंती, नेताओं ने याद किये उनके विचार

**अमेठी।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित सपा कार्यालय में श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।




कार्यक्रम की शुरुआत ओबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने अपने संबोधन में कहा आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है और उसी के आधार पर देश संचालित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार संविधान की मूल भावना के विपरीत कार्य कर रही है और अपने तरीके से शासन चलाने की कोशिश कर रही है। वक्ता राजेश मिश्र ने कहा आंबेडकर ने शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे बड़ा साधन बताया था। उन्होंने कहा कि जब तक समाज का हर वर्ग शिक्षित नहीं होगा, तब तक वास्तविक समानता और प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को प्राथमिकता दें और समाज में जागरूकता फैलाएं। सपा के महामंत्री अरशद अहमद ने कहा कि आज के समय में आंबेडकर के विचारों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश संविधान के सिद्धांतों के बजाय बुलडोजर नीति से चलाया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने सभी से आंबेडकर के विचारों को अपनाने और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इस अवसर पर संग्राम सिंह, सीपी यादव, तुफैल खान, राकेश यादव, कौहार, चंद्रशेखर यादव, दीपू तिवारी, मुकेश विश्वकर्मा, रीता देवी, सुंदरलाल, राम सिंह, राम जियावान, पूर्णिमा देवी, मेयना देवी, अशोक यादव, राम केवल व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आंबेडकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनी आंबेडकर जयंती

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारतीय संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ डॉ. अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर छात्र समर्थ श्रीवास्तव ने डॉ. अंबेडकर की भूमिका का प्रभावशाली मंचन किया, जिसमें उनके संघर्षों, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज सुधार के योगदान को जीवंत रूप में दशार्या गया। कार्यक्रम में अन्वी ने अपने भाषण के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों पर प्रकाश डाला तो वहीं आकृति ने भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर समता, शिक्षा और अधिकारों के महत्व को उजागर किया। इस अवसर पर स्तुति और विराट द्वारा बनाए गए आकर्षक पोस्टरों पर उनके संदेशों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा दिए गए सामाजिक योगदान और उनकी उपलब्धियों को अपनी स्मृति में रखते हुए उन पर अमल करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे हम एक समतामूलक और प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से लगी आग, लगभग 30 बीघे फसल खाक



**बछरावां, रायबरेली।** ओलावृष्टि वा बारिश की मार से बची फसल अब आग के तांडव में स्वाहा होती जा रही है, किसान हैरान परेशान फसल घर तक पहुँचाने की जुगत लगा रहा है। बछरावां विकास खंड के ग्राम रसूलपुर में मंगलवार की दोपहर आग ने ऐसा तांडव खेला की लगभग 30 बीघा गेहूं की खड़ी फसल पल भर में राख के ढेर में बदल गयी , ग्रामीणों ने अपने संशाधनों से आग बुझाने का भरसक प्रयास किया पर आग ने किसी को नही बक्सा। किसान कृष्णपाल सिंह , यशवंत सिंह इनके तीन बीघे खेत, यशवंत सिंह, दिनेश वा विकास के तीन बीघे खेत एवं चाँद के करीब पाँच बीघे गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गयी। दइस बाबत अधिक जानकारी देते हुए ग्रामीण संतोष चैधरी ने बताया कि मौके पर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने किसी तरह लाठी डंडों एवं पेड़ो की टहनियों से आग पर काबू पाया , मौके तक दमकल की गाड़ी पहुँच नही पायी थी । फिलहाल खबर लिखे जाने तक कोई विभागीय अधिकारी नुकसान का जायजा लेने घटना स्थल तक नही पहुँचा था ।

**जला डीसीएम ट्रक :** रायबरेली के लालगंज मार्ग पर एक डीसीएम ट्रक में अचानक आग का गोला बन गई। धू-धू करके जलती हुई गाड़ी को देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। घटना रायबरेली-लालगंज रोड पर रेल कोच फैक्ट्री के गेट के निकट हुई। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद डीसीएम में लगी आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचा। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फायर ब्रिगेड की टीम को जैसे ही सूचना मिली तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और डीसीएम में लगी आग पर चारों तरफ से पानी के फव्वारे से आग बुझाने की कोशिश की और पूरी तरह से आग पर काबू पाया आग कैसे लगी इसकी अभी तक जानकारी नहीं हो पाई है।

## टीईटी के विरोध में हजारों शिक्षकों ने थामी मशाल

**मथुरा।** आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने की मांग को लेकर हजारों शिक्षकों ने नगर में मशाल जुलूस निकाल कर विरोध बताया। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले निकाले गए जुलूस में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, महिला शिक्षक मोर्चा, एससी/एसटी बेसिक शिक्षक महासभा, उर्दू बीटीसी शिक्षक संघ, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) समेत प्रधानाचार्य परिषद व भाकियू (चढूनी) के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। शिक्षिकाओं ने भी बड़ी संख्या में प्रदर्शन में भाग लिया। महासंघ के प्रांतीय आह्वान पर मशाल जुलूस सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज से होलीगेट तक निकाला गया। जुलूस का मशाल जलाकर संयुक्त रूप से

शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. अजयकृष्ण सारस्वत ,जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत जिलाध्यक्ष अतुल सारस्वत एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश गोस्वामी ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का कानून पूरी तरह असंवैधानिक व गैर मानवीय है। शिक्षक इसे हर हाल में निरस्त करवा कर ही दम लेंगे।विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रविन्द्र

● अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के नेतृत्व में बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज से होलीगेट तक निकाला मशाल जुलूस

चैधरी प्राथमिक के जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र पांडे जितेंद्र जोशी डॉ हरीश शर्मा अवधेश सारस्वत जिलामंत्री बलवीर सिंह ने कहा कि मथुरा के शिक्षक किसी भी सूरत में इस मनमानीपूर्ण निर्णय को स्वीकार नहीं करेंगे। एससी/एसटी शिक्षक महासभा के धर्म सिंह दिनेश कुमार प्राथमिक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव यादव महेश अग्रवाल, उर्दू एसो के जिलाध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने कहा कि बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर यह आंदोलन संविधान विरोधी आदेश को ताबूत में आखिरी कील ठोकने काम काम करेगा।जूनियर के मंडल अध्यक्ष नृत्यगोपालजिला मंत्री ठा.लक्ष्मीनारायण कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा अरविंद शर्मा हेमंत शर्मा ने कहा कि मथुरा की सड़कों से उठी शिक्षकों की यह आवाज सरकार के कानों तक जरूर पहुँचेगी।यूटा के विकास यादव, प्रीति भटनागर, सुजीत वर्मा वीरेंद्र चैधरी दिनेश चैधरी भूपेंद्र झा अशोक परिहार ने अपने संबोधन में आदेश को अन्यायपूर्ण बताते हुए विरोध जताया व केन्द्र सरकार से इसे निरस्त करने की मांग की। डॉ जयपाल जितेंद्र वर्मा सुधीर सोलंकी राजेंद्र सिंह छौंकर के के एवं आंदोलन में शामिल शिक्षिकाओं का कहना था कि निर्वाचन, जनगणना व एसआईआर जैसे सरकार के हर महत्वपूर्ण कार्य को बखूबी पूरा करने वाले शिक्षक की योग्यता पर अंगुलि उठाना अन्यायपूर्ण और गैर संवैधानिक है।

## सीसी रोड के निर्माण में गंभीर अनियमितता



**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत लगभग 15 लाख रुपये की लागत से बन रही सीसी रोड के निर्माण में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। मां जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण से बस्ती के अंदर तक बनाई जा रही इस सड़क को लेकर नगरवासियों ने शुरू से ही गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे, जिसे अब मौके पर जांच के बाद सही नहीं पाया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों की अनदेखी की जा रही है और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। मामले की शिकायत एसडीएम महराजगंज से भी की गई थी, जिसके बाद नगर पंचायत प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की थी। मंगलवार को इस प्रकरण ने तब तूल पकड़ा जब चेयरमैन प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता सभासदों के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचे और सड़क की गुणवत्ता की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान नगरवासियों की शिकायतें सही पाई गईं। इस पर चेयरमैन प्रतिनिधि ने तत्काल ठेकेदार को मौके पर बुलाकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि सीसी रोड का निर्माण पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए, अन्यथा भुगतान रोक दिया जाएगा। इस सख्त रुख के बाद ठेकेदार ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए नगरवासियों के सामने आश्वासन दिया कि आगे का कार्य पूरी गुणवत्ता और मानकों के अनुसार किया जाएगा। ठेकेदार के इस आश्वासन के बाद मौके पर मौजूद लोगों प्रिंशु वैष्य, संदीप वैष्य सहित नगरवासियों का आक्रोश शांत हुआ। इस दौरान सभासद विजय धीमान, नूरुल हसन, विनीत कुमार, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## डॉ. आंबेडकर की मनायी गयी जयंती

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में भारत रत्न बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाज में समानता, न्याय एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ० अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान संविधान के प्रति निष्ठा एवं सामाजिक

● डीएम ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये

समरसता को बढ़ावा देने कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उप जिलाधिकारी सदर (न्यायिक) अहमद फरीद खान, वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ० भावना श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी/आशीष श्रीवास्तव, सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राही ब्लाक के औघड़नाथगंज में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं बाबा साहब के आदर्श विचारों से सम्बंधित संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा सामाजिक चेतना संगठन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पवन अंबेडकर शामिल हुए। संचालन विजय गौतम एडवोकेट ने किया। बड़ी संख्या में गांव वासी भी षामिल रहे ।

# आंबेडकर जयंती पर निकला भव्य जलूस, गूंजे जयकारे

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार कस्बे में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को शाम करीब 3 बजे भव्य जलूस निकाला गया, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आए हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कस्बे में बाबा साहब के जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा। कई गांवों से सजे-धजे रथों पर आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। गाजे-बाजे और डीजे की धुनों के बीच जैसे ही यह जलूस कूरेभार बाजार पहुंचा, बाबा साहब अमर रहें और जय भीम के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। युवाओं की टोलियां जहां जोश के साथ डीजे पर थिरकती नजर आईं, वहीं बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ जलूस में शामिल होकर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते दिखे। जलूस के दौरान कस्बे में लगभग एक दर्जन स्थानों पर जलपान और लंगर की



व्यवस्था की गई थी। विभिन्न सामाजिक संगठनों और युवाओं की टीमों ने सेवा भाव से लोगों को पानी, शर्बत और अन्य खाद्य सामग्री वितरित की। ब्लॉक गेट मुख्यालय पर सैकड़ों लोगों को खीर खिलाकर युवाओं ने सेवा और भाईचारे की मिसाल पेश की।विशेष रूप से धनपतगंज मार्ग पर मुस्लिम युवाओं की टोली द्वारा लगाए गए लंगर ने आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दिया, जिसकी लोगों ने सराहना की। इस आयोजन ने सामाजिक समरसता की एक मजबूत तस्वीर पेश की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। कूरेभार थाना प्रभारी संदीप त्रिपाठी, उपनिरीक्षक राजेश यादव समेत दर्जनों पुलिसकर्मी पूरे समय मुस्तैद रहे और अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर यातायात को सुचारू बनाए रखने में जुटे रहे। कुल मिलाकर कूरेभार क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में अम्बेडकर जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और एकता के साथ मनाया गया, जिसने सामाजिक भाईचारे की मिसाल कायम की।

## बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर में याद किये गये आंबेडकर

**मथुरा।** बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर में आज 14 अप्रैल को सविधान निमार्ता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। चेयरमैन सुरेश सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनका जन्म 14 अप्रैल 1891 ई को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। इनके पिता रामजी मालोजी सकपाल और माता भीमाबाई मुरबादकर थें। वें बहुमुखी प्रतिभा के धनी थें। उन्होंने विषम परिस्थिति में भी संघर्ष कर न केवल उच्च शिक्षा ग्रहण की, बल्कि समाज को भी शिक्षित किया। प्राचार्य देबाशीष सेन ने बताया कि इनके परिवार में माता-पिता को लेकर 16 लोग थे जिनमें आंबेडकर सबसे छोटे थे। शिक्षा प्रभारी एस वी सिंह ने कहा इन्होने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्कूल में हासिल की और उच्च शिक्षा राजनीतिक विज्ञान व अर्थशास्त्र से पूरी की। कार्यक्रम में विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, शिक्षा प्रभारी एस वी सिंह, बीरपाल प्रधान, प्राचार्य देबाशीष सेन, उपप्राचार्य रामबाबू, हेड मास्टर सुरेन्द्र सिंह, कोऑर्डिनेटर बिपिन सिंह, डॉ अशोक, रामवीर, जीएस सदानंद शर्मा, ओमप्रकाश, रोहताश, चंद्रेश, राकेश रहिजा व सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## दुकान से हजारों का सामान चोरी

**शिकोहाबाद।** स्टेशन रोड स्थित परचून की दुकान से एक चोर ने हजारों के सामान को चोरी कर लिया। पीड़ित दुकान स्वामी ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। अमन कुमार पुत्र महेश चन्द्र निवासी स्टेशन रोड मेहराबाद की ए के कालेज स्टेशन रोड़ पर परचून की दुकान करता है। 11 अप्रैल की रात वह 10 बजे अपनी दुकान बन्द कर अपने घर चला गया। 12 अप्रैल की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान से गुटखा, शैंपू, चिप्स, चाय, बीडी सहित कई सामान चोरी हो चुके थे। पीड़ित ने अपने दुकान का सीसीटीवी कैमरा चैक किया तो एक युवक दुकान की जाली से सामान चोरी कर ले गया था। उसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दुकान स्वामी ने विक्रम पुत्र मुकेश गिहार को स्टेशन रोड़ पर रात्रि में पकड़ लिया। पूछताछ में चोर ने बताया कि उसने कुछ सामान बेच दिया है तथा कुछ सामान को छिपाकर रखा है।

## दबंगों ने दो बहनों को किया लहूलुहान

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर के गांव एमा लखनई में मामूली बात को लेकर गांव के दबंगों ने दो बालिकाओं के घर में घुसकर उनके साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित पक्ष ने थाने में शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है। वर्षा और अधिका निवासी एमा लखनई थाना नसीरपुर अपने घर में सो रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले कमलेश, अपने बेटे श्यामू, रामू, विनीता पत्नी श्यामू अनीता पत्नी कमलेश के साथ अन्य तीन लोगों ने मामूली बात को लेकर घर में घुसकर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी डंडे के साथ ही कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मारपीट की घटना में वर्षा, अविका बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। दोनों बहनों का शोर सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित पक्ष ने थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डॉ.आंबेडकर जयंती पर डीएम ने अर्पित की पुष्पांजलि

मथुरा (मधुसूदन शर्मा)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकरजी की 135वीं जयंती श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। जिलाधिकारी ने श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कोटि-कोटि नमन किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान भारत की आत्मा है, संवैधानिक दायरे में रहकर जनता की सेवा करना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धा है। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी ने भारत को एक सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी संविधान प्रदान किया। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकरजी ने गरीबों, वंचितों और शोषितों के लिए सदैव संघर्ष किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब जी के विचार, आदर्श एवं व्यक्तित्व हम सबके लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।

# मथुरा में टेट के विरोध में निकला ऐतिहासिक मशाल जुलूस




**मथुरा।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ (एआईजेटीएफ), इकाई मथुरा के बैनर तले टेट लागू करने के विरोध में टैंक चैराहे से विकास बाजार स्थित गांधी मूर्ति तक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में हाथों में मशाल और टेट विरोधी नारों के साथ प्राथमिक, बेसिक और माध्यमिक के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं युवाओं ने भाग लिया। विशाल मशाल जुलूस के समापन पर गांधी मूर्ति पर सभा आयोजित की गई, जिसमें निम्न पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। एआईजेटीएफ के जिला संरक्षक योगराज चाहर प्रांतीय संयुक्त मंत्री टीएससीटी तथा शैलेंद्र यादव संरक्षक-अटेवा ने कहा कि टेट लागू करना शिक्षकों के अधिकारों का हनन है। प्रदीपिका फौजदार जिलाध्यक्ष अटेवा व चेतना सीमा सारस्वत ने कहा कि महिला शिक्षकों सहित सभी वर्ग इस निर्णय से प्रभावित हैं। मुनीश चौधरी जिलाध्यक्ष जू हाईस्कूल शि. संघ, राजेंद्र चौधरी प्रदेश अध्यक्ष यूटा व गोविंद सिंह चौहान जिलाध्यक्ष टीएससीटी ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा, यह लड़ाई शिक्षकों की अस्मिता और भविष्य की है। अशोक प्रिय जिलाध्यक्ष एससीएसटी बेसिक शि. एसो. व सुरेशचंद जिलाध्यक्ष वैचारिक शि.बे.एसो ने कहा, यह फैसला समाज के कमजोर वर्गों के युवाओं को भी प्रभावित करता है। नरेंद्र चैधरी जिलाध्यक्ष बे.शि.वेलफेयर एसो. ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि सरकार ने जल्द निर्णय वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज व उग्र होगा ओमप्रकाश सिंह जिलाध्यक्ष किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ ने कहा, किसान और शिक्षक दोनों इस मुद्दे पर एक साथ खड़े हैं। अशोक कुमार बौद्ध एससीएसटी शि. वैलफेयर एसो. प्रदेश अध्यक्ष, खेमसिंह जिलाध्यक्ष शिक्षामित्र संगठन तथा सुरजीत सिंह जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक शिक्षक संघ ने कहा यह संघर्ष विचारों और अधिकारों की रक्षा का है। मीडिया प्रभारी मनीष दयाल ने कहा कि शिक्षकों पर जबरन टेट थोपना अन्याय है। हम सभी ऐसी अन्यायकारी व्यवस्था का खुल कर विरोध करते हैं। गीता रावत, अजीत सिंह, जितेंद्र चौधरी, नरेंद्र, भगवान सिंह, ललित तोगड़िया, राजेश सरोज, जितेंद्र सिंह, गिरीश कौशिक, रीमा सोनकर, चेतना चौहान, सतीश रावत, पुष्पेंद्र चैधरी, करणपाल सिंह, सीमा सारस्वत, लवली पटेल, सीमा कुमारी, पूजा चौधरी, सारिका सिंह रोहित शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किये।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट कर की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**शिकोहाबाद।** दिल्ली में रहने वाली एक मानसिक रूप से कमजोर महिला से अज्ञात व्यक्ति ने छेड़छाड़ करते हुए उनके साथ मारपीट, अभद्रता की है। महिला के बेटे ने थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना कुरावली जिला मैनपुरी के रहने वाले एक अधेड़ ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ विगत 17 वर्ष से दिल्ली में रह रहा है। पीड़ित की मां दिमागी रूप से काफी कमजोर होने के चलते किसी तरह से वह घर से 7 अप्रैल की दोपहर दिल्ली से निकल आई। इस दौरान पीड़ित ने अपनी मां को काफी तलाश किया लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसी दौरान पीड़ित को जानकारी हुई कि उसकी मां को 2 दिन से शिकोहाबाद में देखा है तो वह अपनी मां को खीजते हुए शिकोहाबाद आ गया। पीड़ित बेटे का आरोप है कि उसकी माँ की मानसिक स्थित का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके साथ मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की है। उनके शरीर के साथ ही छाती पर चोटों के कई गंभीर निशान है। पीड़ित ने अपनी मां के मेडिकल की मांग करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित बेटे की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## डिवाइडर से टकराया ट्रक, चालक सहित 3 घायल

**टूंडला।** धान की भूसी लेकर जा रहे ट्रक ओवरटेक करने के प्रयास में डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक सहित तीन लोग गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्?पताल भेजा है। एटा के सकीट निवासी विजय कुमार मंगलवार तड़के बिहार के पटना अंतर्गत कुदरा से धान की भूसी लेकर राजस्?थान जा रहे थे। वह फिरोजाबाद हाईवे स्थित केंद्रीय विद्यालय हजरतपुर के निकट पहुंचे थे। तभी ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रक सामने अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में ट्रक में बैठे संदीप कुमार निवासी विजयपुर भीकनपुर थाना मटसैना फिरोजाबाद अरविंद कुमार निवासी गोकुलपुर गिरोह मैनपुरी व ट्रक चालक गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्?पताल भर्ती कराया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह का कहना है कि ट्रक के डिवाइडर से टकराने से तीन लोग गंभीर घायल हो गए हैं। घायलों का जिला अस्?पताल में उपचार चल रहा है। साथ ही उनके परिजनों को सूचना दे दी है।

## डॉ.आंबेडकर की जयंती पर निकाली गयी प्रभात फेरी



**टूंडला।** भारत रत्न संबिधान शिल्पी बोधिसत्व शिक्षा के प्रतीक बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की एक सौ पैतीस वी जन्मजयंती के अवसर पर नगला राधे लाल अम्बेडकर पार्क में आयोजित बुद्ध वन्दना से प्रारम्भ होकर प्रभात फेरी नगर भ्रमण करते हुए निकाली गयी जो सुभाष चंद बॉस चौराहा, चौधरी चरण सिंह प्रतिमा से गुजरते हुए सब्जी मंडी, भारत माता, चौक विहारी बिलास, मुख्य बाजार होते हुए दीपा चौराहा, आर पी एफ बैरिक, अंडर पास, भूत चौराहा, नगला रामकिशन, नगला रति, नगला मस्जिद होते हुए अहाता शोभाराम, नगला झम्मन स्तिथि अम्बेडकर पार्क पर जय भीम जय जय भीम की जय घोशों नगर का बाजार एवं आसमान गुंजायन रहा और जिसमे एक डोला जिसमे बाबा साहब प्रतीक प्रतिमा थी और आगे आगे बैण्ड बाजा बाबा साहब का गुणगान करते हुए चल रहा था जिसमे हजारों की संख्या में महिलाओ एवं पुरुषो बच्चों तथा अम्बेडकर अनुयाईयों ने पैदल चलकर एवं मोटर साइकिल आदि से भाग लिया समापन स्थल पर एक विशाल विचार गोष्ठी का आयोजन और आगतुको को भोजन व्यवस्था कराकर बैधानिक समापन किया गया अवसर पर विधायक प्रेमपाल धनगर, नगर पालिका टूंडला चेयरमैन चौ.भंवर सिंह जिलाध्यक्ष कांग्रेस रामनिवास यादव राजवीर सिंह यादव डॉ बी एस गौतम पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद मौर्य सुधांशु मित्रा जमील अब्बास अध्यक्ष संयोजक संजीव प्रधान जितेंद्र तिवारी लाखन सिंह वर्मा अजय यादव सूर्यकांत अनिल यादव सुबोध कुमार शांतिदास शखवार रूपेश शुक्ला रामतीर्थ चक जॉली खान सद्दाम खान उमर फारुख भूपेंद्र सिंह नावेद आलम सोनी लाल राजीब मल्होत्रा सुनील गुप्ता जय वर्मा जांडेल सिंह गौरव कुमार दीवान सिंह देवेंद्र नागर विषम्भार सिंह आर पी सिंह ?म पी सिंह रामनरेश सिंह मनोज कुमार हुतेंद्र पाल विजय प्रजापाती महेंद्र सिंह झा सहित हजारों की संख्या में अनुयायी मौजूद रहे।

## ताजनगरी आगरा में गूंजा 'जय झूलेलाल'

**आगरा।** ताजनगरी के केंद्रीय हिंदी संस्थान का मैदान उस समय 'सिंधीयत' के रंगों और सोंधी खुशबू से सराबोर हो उठा, जब राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, केंद्रीय हिंदी संस्थान और सिंधी सेंट्रल पंचायत, आगरा के संयुक्त तत्वाधान में भव्य सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। भगवान झूलेलाल जयंती, सिंधी भाषा दिवस और संत कंवरराम जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम ने नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सफल प्रयास किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सोमनाथ धाम के मठाधीश पीर डॉ. शंकर नाथ योगी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सिंधी समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने पर बल दिया। शुभम नाथानीः सिंधी रॉकस्टार के मशहूर गाने ₹मस मस त मिल्या आयू₹ पर युवा और बुजुर्ग खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। मोहित शेवानीः मशहूर कॉमेडियन ने अपने हास्य चुटकुलों से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। किशोर अशराः साईं भगत कंवरराम के रूप में किशोर अशरा ने जब प्रसिद्ध भजन ₹कोसा कुंवर खड़ी हल्यो साचो साई कंवर राम साहब₹ प्रस्तुत किया, तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी और महामंत्री हेमंत भोजवानी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को सिंधी भाषा और संस्कृति से रूबरू कराना है। ₹अपनी भाषा और संस्कृति ही हमारी असली पहचान है। इसे मजबूती देना हमारा परम कर्तव्य है। इस कड़ी में मोहल्ला पंचायतों में ड्राइंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 200 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। विजेता बच्चों को पुरस्कार और सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। भगवान झूलेलाल जी का भव्य दरबार, संतों का दरबार और बच्चों के लिए लगाए गए पूरी तरह निःशुल्क झूले आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में विधायक योगेंद्र उपाध्याय, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के सुनील बाबूराव कुलकर्णी, उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार अखिल और रीना सिरनानी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। महिलाओ की रही सक्रियता भागी दारी दयालबाग पंचह्यत से सक्रिय गुलाबी सेना।

● एक शाम सिंधीयत के नाम कार्यक्रम में उमड़ा आस्था और संस्कृति का सैलाब

## प्रशासन ने किया जिला जेल का निरीक्षण, महिला बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक




**फिरोजाबाद।** उप सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत जनपद फिरोजाबाद में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के अनुपालन में और एसएसपी आदित्य लांग्हे के मार्गदर्शन में प्रशासन एवं पुलिस के उच्चाधिकारियों ने जिला कारागार का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में एसडीएम तहसील सदर, क्षेत्राधिकारी टूण्डला और क्षेत्राधिकारी महिला अपराध व साइबर अपराध शामिल रहे। अधिकारियों ने कारागार के महिला वार्ड का भ्रमण कर महिला बंदियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान बंदियों से उनकी समस्याओं, खानपान व मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों की जायज समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मिशन शक्ति के उद्देश्यों को साझा करते हुए अधिकारियों ने महिला बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, उपलब्ध विधिक सहायता व स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि कारागार में रहते हुए भी वे अपनी सुरक्षा और गरिमा के लिए किन प्रावधानों का उपयोग कर सकती हैं। अधिकारियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वे किसी समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना किसी संकोच के संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं। निरीक्षण के दौरान केवल संवाद ही नहीं, बल्कि कारागार की आंतरिक व्यवस्थाओं को भी परखा गया। टीम ने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की साफ सफाई और बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों ने स्वच्छता और सुरक्षा मानकों को और अधिक बेहतर बनाने के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग की महिलाओं, चाहे वे कहीं भी हों, उन्हें सुरक्षा का अहसास कराना और उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना है।

## बाबा साहेब जयंती पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान, दी श्रद्धांजलि

**आगरा।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा शिवाजी मंडल ने पुष्पांजलि अर्पित की और उसके बाद क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सोमवार को भाजपा शिवाजी मंडल के वार्ड 6 इंदिरा कॉलोनी में आगरा दक्षिण से विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और सभी को बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। भाजपा शिवाजी मंडल अध्यक्ष पंडित देवेश पचौरी ने बताया कि उसके बाद पूरे क्षेत्र में महासफाई अभियान चलाया गया और सभी को इसके लिए जागरूक भी किया। इस दौरान भाजपा शिवाजी मंडल अध्यक्ष पंडित देवेश पचौरी, पूर्व राज्यमंत्री डॉ रामबाबू हरित, भीकम सिंह, पार्षद राधा मनवानी, पार्षद सुनील कर्मचंदानी, उषा शर्मा, पूजा शर्मा, दीपमाला, पार्षद रवि दिवाकर, हेमंत भोजवानी, अविनाश भट्ट, संतोषीलाल वर्मा, मुनेश परमार, मोहित पांडेय, आनंद गोस्वामी, शिवम सागर, राहुल सागर, आनंद गोस्वामी, ब्रह्म चंद्र गोस्वामी, राकेश जाटव, एलिस कुमार, बबलू कुमार, इब्राहिम उस्मानी, रोहित आर्य, विजय कुमार, बबलू, ललित और क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

## डॉ. यशोधरा यादव 'यशो' को मिला राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान- 2026

आगरा। शैक्षिक संवाद मंच के तत्वाधान में लखनऊ के चारबाग स्थित होटल में आगरा से संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरहरा एत्मादपुर में शिक्षिका, प्रसिद्ध साहित्यकार और साहित्य साधिका समिति की महासचिव डॉ. यशोधरा यादव 'यशो' को राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 'विद्यालय बनें आनंद घर' और नवाचारी शिक्षक के रूप में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। इनमें बरौली अहीर के प्राथमिक विद्यालय रजरई से राजश्री यादव को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सचिवालय के विशेष सचिव एवं साहित्यकार राम नगीना मौर्य, विशिष्ट अतिथि एन.सी.ई.आर.टी प्रकाशन विभाग के सहायक संपादक एवं साहित्यकार शिवमोहन यादव तथा हिमालय लोक संग्रहालय एवं शोध संस्थान देहरादून के संस्थापक डॉ. सुरेंद्र कुमार आर्यन की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मंच संस्थापक प्रमोद दीक्षित 'मलय', संयोजक दुर्गेश्वर राय तथा आगरा की डॉ. यशोधरा यादव 'यशो' के साथ अन्य शिक्षकों द्वारा संपादित पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। पूरे उत्तर प्रदेश से लगभग 90 से अधिक शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, गंभीर घायल

**टूंडला।** सड़क पार कर रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक?कर मार दी। जिससे युवक गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्?पताल भेजा है। सोमवार रात्रि टोल प्?लाजा के निकट एक युवक सड़क पार कर रहा था। तभी विपरीत दिशा से तेजगति से आ रहे वाहन ने उसे टक?कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार आनन-फानन में जिला अस्?पताल भर्ती कराया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह का कहना है कि गंभीर घायल युवक को प्राथमिक उपचार दिलाने के लिए बेहोश हालत में जिला अस्?पताल भर्ती कराया था।

# संस्कृति विवि में 21 दिन दिया सॉफ्ट स्किल्स और तकनीकी प्रशिक्षण



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में सॉफ्ट स्किल्स और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए 21-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन आईटीसी एकादमी (भारत सरकार की एक पहल) द्वारा रेडिंगटन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया था। कार्यक्रम को दो हिस्सों में बांटा गया था, छह दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण, जिसके बाद आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी में 15-दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

शुरूआती छह दिनों में आवश्यक पारस्परिक कौशल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिभागियों को प्रभावी संचार जिसमें मौखिक और गैर-मौखिक तकनीकें, सक्रिय श्रवण और आत्मविश्वास निर्माण, का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में समय प्रबंधन की रणनीतियाँ, कार्यों को प्राथमिकता देने के तरीके और पेशेवर शिष्टाचार जैसे ईमेल और कार्यस्थल पर व्यवहार को भी शामिल किया गया। सॉफ्ट स्किल्स के अंतिम सत्र में इंटरैक्टिव गतिविधियों और भूमिका-निभाने वाले अभ्यासों के माध्यम से नेतृत्व गुणों, टीम वर्क, निर्णय लेने की क्षमता और समस्या-समाधान पर विशेष जोर दिया गया।

तकनीकी प्रशिक्षण सातवें दिन से शुरू हुआ और इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मूल सिद्धांतों का गहन ज्ञान प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को डेटा हैंडलिंग, एल्गोरिदम का उपयोग करके समस्या-समाधान और एआई अनुप्रयोगों के लिए बुनियादी प्रोग्रामिंग जैसी मुख्य अवधारणाओं से परिचित कराया गया। सत्रों में आगे चलकर डेटा प्री-प्रोसेसिंग, फीचर एक्सट्रैक्शन और डेटासेट के साथ काम करने जैसे विषयों को शामिल किया गया। आगे के मॉड्यूल्स में मशीन लर्निंग की अवधारणाओं को शामिल किया गया, जिसमें सुपरवाइज्ड और अनसुपरवाइज्ड लर्निंग तकनीकें, मॉडल प्रशिक्षण और मूल्यांकन शामिल थे। प्रतिभागियों को एआई विकास के लिए आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले टूल्स और लाइब्रेरियों से परिचित होने का अवसर मिला और उन्होंने सरल प्रेडिक्टिव मॉडल बनाना सीखा। इस प्रशिक्षण में वास्तविक दुनिया के एआई अनुप्रयोगों जैसे डेटा विश्लेषण, स्वचालन और बुद्धिमान निर्णय लेने वाली प्रणालियों से भी परिचय कराया गया। उन्नत सत्रों में एपीआईएस और जेएसओएन जैसे डेटा प्रारूपों के साथ काम करना शामिल था, जिससे प्रतिभागियों को बाहरी डेटा स्रोतों को एआई आधारित अनुप्रयोगों में एकीकृत करने में सक्षम बनाया गया। प्रतिभागियों ने एआई मॉडल परिनियोजन की मूल बातें और व्यावहारिक कार्यान्वयन रणनीतियों का भी अन्वेषण किया। अंतिम दो दिन प्रोजेक्ट विकास और प्रस्तुति के लिए समर्पित थे, जहाँ प्रतिभागियों ने वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए एआई आधारित समाधान विकसित करने हेतु अपने सीखे हुए ज्ञान को लागू किया। प्रत्येक प्रतिभागी ने अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति दी और ट्रेनर से रचनात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त की। कुल मिलाकर, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को ए में तकनीकी विशेषज्ञता और आवश्यक पेशेवर कौशलों के संतुलित मेल से सफलतापूर्वक सुसज्जित किया। इसने उनकी विश्लेषणात्मक सोच, समस्या-समाधान क्षमताओं और आधुनिक उद्योग की मांगों को पूरा करने की तत्परता को बढ़ाया, जिससे उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भविष्य के अवसरों के लिए तैयार किया जा सका। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्कृति स्कूल आफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. पंकज कुमार गोस्वामी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। इसका समन्वय विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) गरिमा गोस्वामी ने मेंटर्स सौरभ तिवारी और बिक्रम रॉय के साथ मिलकर किया। सत्रों का संचालन आरएस शर्मा (सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर) और विजय शर्मा (तकनीकी ट्रेनर) द्वारा किया गया।

## मेयर के आश्वासन पर टला व्यापारियों का आंदोलन ट्रेड लाइसेंस शुल्क समाप्त करने का मिला वचन

**आगरा।** ट्रेड लाइसेंस शुल्क के विरोध में चल रहे आंदोलन के बीच आगरा सरार्फा एसोसिएशन के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर निगम पहुंचकर मेयर हेमलता दिवाकर से भेंट की और प्रस्तावित शुल्क के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान मेयर ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि आगामी कार्यकारिणी बैठक में ट्रेड लाइसेंस शुल्क को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। मेयर के इस आश्वासन के बाद आगरा सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने बताया कि फिलहाल व्यापारियों द्वारा प्रस्तावित नगर निगम में विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों ने सद्भावना दिखाते हुए मेयर के वचन पर विश्वास जताया है, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि अगली कार्यकारिणी बैठक में ट्रेड लाइसेंस शुल्क समाप्त करने की औपचारिक घोषणा नहीं की गई, तो व्यापारी पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नितेश अग्रवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में सरार्फा व्यापारी अपनी दुकानों की चाबियां नगर निगम में जमा करेंगे और सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अशोक कुमार अग्रवाल और बृज मोहन रैपुरिया ने कहा टर्नओवर आधारित ट्रेड लाइसेंस शुल्क सरार्फा व्यापार के लिए अव्यावहारिक है, क्योंकि सोना-चांदी की ऊंची कीमतों के चलते कागजी टर्नओवर अधिक दिखाई देता है, जबकि वास्तविक लाभ सीमित होता है। ऐसे में यह शुल्क छोटे व मध्यम व्यापारियों के लिए भारी आर्थिक बोझ साबित होगा। इस अवसर पर व्यापारियों ने एकजुट होकर मेयर से मांग की कि व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव को शीघ्र समाप्त किया जाए, ताकि बाजार में अनावश्यक असंतोष की स्थिति न बने। इस दौरान प्रमुख रूप से नितेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, बृजमोहन रेपुरिया, मनोज गुप्ता, मयंक अग्रवाल, गणेश चंद्र गोयल, आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने 1385 बूथों पर मनायी आंबेडकर जयंती



**मथुरा।** भाजपा के जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे के नेतृत्व में मंगलवार जनपद मथुरा की तीनों विधानसभाओं के 18 मंडलों एवं 1385 बूथों पर संविधान निर्माता, डॉ. अंबेडकर जी की जयंती बड़े धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाई गई। जनपद के प्रत्येक बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान संगोष्ठियों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के जीवन दर्शन, उनके संघर्षों और संविधान निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तृत चर्चा की।

जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, बाबा साहब ने जीवनभर वंचितों, शोषितों और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका संपूर्ण जीवन हमें सामाजिक समरसता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करता है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बाबा साहब के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात कर उनके सपनों के भारत को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि डॉ. अंबेडकर की जयंती जनपद मथुरा के हर बूथ पर बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। उन्होंने कहा, जनपद की तीनों विधानसभाओं के 18 मंडलों के सभी 1385 बूथों पर हमारे कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को नमन कर सामाजिक न्याय और समता के उनके संदेश को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया है। बाबा साहब केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के प्रेरणापुंज हैं। उनके विचार युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं।कोसी कला में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतीश वाल्मीकि, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख नरदेव चौधरी, महामंत्री सतपाल चौधरी उपाध्यक्ष अनिल चौधरी मंत्री अजय प्ररखम भानु प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष सौरभ जैन, जिला कोषाध्यक्ष हुकम अग्रवाल, जिला मंत्री ओमप्रकाश सैनी, दीपक बडगुर्जर, सतबीर सांगवान, विनय, विष्णु सैनी सहित बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सपा ने मनायी आंबेडकर जयंती**

**मथुरा।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार डॉ. अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पंचशील पार्क चन्दनवान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र यादव जिलाध्यक्ष ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सपा युवजन सभा के प्रदेश महासचिव अनूप यादव रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा बाबा साहब के लंबी संघर्ष के बाद शोषित, पीड़ित और प्रताड़ित समाज के लोगों को जगाने का कार्य किया।

## जिलाधिकारी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**फिरोजाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती गौरवपूर्ण तरीके से मनाई गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम रमेश रंजन द्वारा की गई, इस अवसर पर डीएम व एडीएम न्यायिक अरविंद द्विवेदी एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, डीएम ने इस अवसर पर उपस्थित कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब के जीवन दर्शन व राष्ट्र निर्माण की भावना ने देश के नवनिर्माण में अतुलनीय योगदान किया है, उन्होंने कहा कि बाबा साहब केवल भारतीय संविधान के निमार्ता ही नहीं बल्कि एक महान समाज सुधारक और दूरदर्शी व्यक्तित्व थे, उन्होंने पूरा जीवन ऊंच-नीच छुआ-छूत और भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया, आज हम जिस लोकतांत्रिक भारत में सांस ले रहे हैं, उसकी नींव बाबा साहब के समतामूलक विचारों पर टिकी है, डीएम ने उपस्थित कार्मिकों को बाबा साहब के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए कहा कि बाबा साहब का मंत्र शिक्षित बनो-संगठित रहो और संघर्ष करो आज भी उतना प्रासंगिक है, उन्होंने जोर दिया है कि सरकारी सेवा में कार्यरत हर व्यक्ति का उत्तरदायित्व है कि वह संविधान की मूल भावना के अनुरूप अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाए, इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों ने बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलकर देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्य रखने का संकल्प लिया, इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर के समस्त पटल सहायक और कर्मचारी उपस्थित रहे।



